# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार, 19 जुलाई 2025


sidbi

Aspire PHARMACEUTICALS

# भव्य सुरुआत

छत्तीसगढ़ म उत्तम स्वास्थ्य सेवा के संकल्प संग, अब हमर अत्याधुनिक फार्मा यूनिट

## Aspire Pharmaceuticals

के शुभारंभ होवइया हे। विश्वास, बढ़िया गुणवत्ता अउ नवा सोच के संग, हर मनखे के जिनगी ला सुग्घर बनाय के उदीम ए फार्मा यूनिट के उद्घाटन भर नो हे, भलुक एक स्वस्थ समाज खातिर नवा अंजोर बगराए के उदीम हे।

**शनिवार, 19 जुलाई, 2025 | मंझनिया 01:00 बजे**

**सेक्टर 05, श्री सत्य साईं अस्पताल के पास, नवा रायपुर, छत्तीसगढ़**



माई पहुना

**श्री विष्णु देव साय**

माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़



मानुक पहुना

**डॉ. रमन सिंह**

अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधानसभा



मयारूक पहुना

**श्री श्याम बिहारी जायसवाल**

स्वास्थ्य मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

### मयारूक पगरइत

**श्री अरुण साव** — उप-मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

**श्री किरण सिंह देव** — विधायक, जगदलपुर | प्रदेश अध्यक्ष - भाजपा

**श्री बृजमोहन अग्रवाल** — सांसद, रायपुर

**श्री विजय बघेल** — सांसद, दुर्ग

**श्री ओ. पी. चौधरी** — वित्त मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

**श्री लखनलाल देवांगन** — उद्योग मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

**श्री केदार कश्यप** — वन मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

**श्री दयालदास बघेल** — खाद्य मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

**श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े** — महिला एवं बाल विकास मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

**श्री टंक राम वर्मा** — राजस्व मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन

**श्री अजय चंद्राकर** — विधायक, कुरुद

**श्री अमर अग्रवाल** — विधायक, बिलासपुर

**श्री राजेश मूणत** — विधायक, रायपुर (पश्चिम)

**श्री पुरंदर मिश्रा** — विधायक, रायपुर (उत्तर)

**श्री सुनील सोनी** — विधायक, रायपुर (दक्षिण)

**श्री मोतीलाल साहू** — विधायक, रायपुर (ग्रामीण)

**श्री इंद्रकुमार साहू** — विधायक, अभनपुर

**श्री गुरु खुशवंत साहेब** — विधायक, आरंग

**श्री अनुज शर्मा** — विधायक, धरसींवा

**श्री ललित चंद्राकर** — विधायक, दुर्ग (ग्रामीण)

**श्री गजेन्द्र यादव** — विधायक, दुर्ग

**श्री रिकेश सेन** — विधायक, वैशाली नगर, भिलाई

**श्री संपत अग्रवाल** — विधायक, बसना

**श्री दीपक म्हस्के** — चेयरमैन, CGMSC

**श्री राजीव अग्रवाल** — चेयरमैन, CSIDC

**श्री संजय श्रीवास्तव** — चेयरमैन - नागरिक आपूर्ति निगम

**श्रीमती अलका बाघमार** — महापौर, दुर्ग

**श्री रामू रोहरा** — महापौर, धमतरी

**श्री केदार गुप्ता** — चेयरमैन, अपैक्स बैंक

**श्री भूपेंद्र सवन्नी** — अध्यक्ष, CREDA

**श्री सौरभ सिंह** — अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम

**श्री नीलू शर्मा** — चेयरमैन, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल

**श्री अमरजीत छाबड़ा** — अध्यक्ष - छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग

**श्री अनुराग सिंह देव** — चेयरमैन, छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड

**श्री प्रमोद कुमार विजयवर्गीय** — महाप्रबंधक, SIDBI




### आपके अगोरा म

RISHABH LABORATORIES — रायपुर, इंदौर, मुंबई | REGALIS LIFESCIENCES

**कोमलचंद चोपड़ा**
मुंगेली / रायपुर

UTOPIA — PRIVATE VILLAS | FLATS | PLOTS

**अनिल देशलहरा**
दुर्ग

DUO FOODS

**उज्ज्वल दीपक**
रायपुर

## एस्पायर फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड


सुश्री सरोज पाण्डेय जी
मान. बृजमोहन अग्रवाल
रायपुर सांसद
मान. रामविचार नेताम
केबिनेट मंत्री
मान. श्याम जायसवाल
केबिनेट मंत्री
मान. ओ.पी. चौधरी
केबिनेट मंत्री
मान. केदार कश्यप
केबिनेट मंत्री
मान. टंकराम वर्मा
केबिनेट मंत्री
मान. दयाल दास बघेल
केबिनेट मंत्री
मान. लक्ष्मी राजवाड़े
केबिनेट मंत्री
मान. लखनलाल देवांगन
केबिनेट मंत्री
मान. मीनल चौबे
महापौर रायपुर
मान. डॉ. रमन सिंह जी
अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधानसभा
मान. अरुण साव जी
उपमुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
मान. किरण सिंह देव जी
प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा
मान. नंदन जैन जी
प्रदेश कोषाध्यक्ष, भाजपा
जीवेत शरदः शतम्
19
JULY
आपमें गजब का धैर्य, असीमित ऊर्जा, पवन जैसी गर्मजोशी,
संस्कृत-संस्कार से भरा सम्पूर्ण जीवन और मिलनसारिता का
अद्भुत संगम निश्चित ही हर किसी के मन को मोह लेता है।
हम सबके परम आदरणीय
माननीय
श्री विजय शर्मा जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं...
मान. श्री विजय शर्मा जी
उपमुख्यमंत्री, छ.ग. शासन
चंदन अग्रवाल
पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष - राईस मिल एसोसियेशन छ.ग.
बसंत अग्रवाल
भाजपा कार्यकर्ता एवं समाजसेवी
विनीत :- प्रदेश भाजपा संगठन के समस्त भाजपा कार्यकर्ता

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | बिलासपुर, शनिवार 19 जुलाई 2025


## साय के प्रयासों से बचे 1200 करोड़, 12 लाख टन धान खरीदेगा एफसीआई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, और उनके सचिवालय के अधिकारियों के प्रयास से छत्तीसगढ़ सरकार के 1200 करोड़ रुपयों की बचत होगी। राज्य में अतिशेष धान की नीलामी के बाद भी 12 लाख मीट्रिक टन धान का निपटारा शेष था। उसे नीलामी प्रक्रिया से बेचने पर 19 सौ रुपए में बेचना होता लेकिन लेकिन श्री साय व उनके सचिवालय की सूझबूझ से अब नीलामी नहीं करनी पड़ेगी। मुख्यमंत्री की पहल पर प्रमुख सचिव सीएम, सुबोध सिंह, खाद्य सचिव रीना बाबा साहब कंगाले और मार्कफेड की एमडी किरण कौशल ने केंद्रीय खाद्यमंत्री के समक्ष प्रजेंटेशन के माध्यम से अपना पक्ष रखा था।

### ये है मामला

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 149 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की गई थी। इस धान में से सेंट्रल पूल और स्टेट पूल के लिए निर्धारित कोटे के अनुरूप चावल दिया जा रहा है। इसके बाद भी राज्य के पास करीब 31 लाख मीट्रिक टन धान शेष रह गया था। राज्य सरकार ने इस बचे यानि अतिशेष धान की नीलामी शुरु की। इस प्रक्रिया के तहत 19 लाख मीट्रिक टन औसतन 1900 रुपए प्रति क्विंटल की दर से नीलाम किया गया। इस सौदे में सरकार को घाटा भी उठाना पड़ रहा था।

### सीएम सचिवालय की सूझबूझ काम आई, धान की नीलामी अब नहीं





#### सवाल था कि 12 लाख टन बचे धान का क्या करें

राज्य सरकार के सामने सबसे बड़ा सवाल यही था कि जो 12 लाख मीट्रिक टन धान बचा है उसका क्या किया जाए। यही से मुख्यमंत्री श्री साय, उनके सचिवालय के अधिकारी सुबोध सिंह ने प्रयास शुरु किया। बताया गया है कि इस मामले लेकर मुख्यमंत्री ने केंद्रीय खाद्य मंत्री से बात की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के समक्ष छत्तीसगढ़ का परखा गया। खबर ये है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी इस संबंध में आग्रह किया गया।

### अधिकारियों ने दिया प्रजेंटेशन

*सीएम श्री साय व उनके प्रमुख सचिव सुबोध सिंह की पहल के सिलसिले में राज्य की खाद्य सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले और मार्कफेड की एमडी किरण कौशल ने केंद्रीय खाद्य मंत्री के समक्ष एक प्रजेंटेशन देकर स्थिति सामने रखी। इसी दौरान यह पेशकश की गई की केंद्र सरकार अतिशेष में शेष 12 लाख मीट्रिक टन धान के बराबर चावल एफसीआई कोटे के लिए ले ले तो इस बचे धान का निराकरण हो जाएगा। केंद्र सरकार ने राज्य के इस आग्रह को माना। नतीजन अब केंद्र सरकार ने राज्य से लिए जाने वाले चावल के कोटे में 8 मीट्रिक टन की वृद्धि करने का आदेश दिया है। इस प्रकार बकाया 12 लाख मीट्रिक टन धान सहित सीजन में खरीदे गए 149 लाख मीट्रिक टन धान का निराकरण हो गया है। लेकिन इसमें सबसे खास बात ये है कि इस सौदे के कारण राज्य सरकार के 1200 करोड़ रुपए बच गए। यह 12 लाख मीट्रिक टन धान अगर नीलाम किया जाता 1200 करोड़ का घाटा तय था।*

---

*राज्य के चर्चित शराब घोटाला को लेकर ईडी ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को गिरफ्तार कर लिया। भिलाई तीन स्थित निवास पर छापे के बाद ईडी ने चैतन्य को अरेस्ट किया और सीधे उसे लेकर रायपुर पहुंची। यहां कोर्ट में पेश कर चैतन्य को पांच दिन की रिमांड पर ले लिया। मामले में अब पूछताछ की जाएगी।*

### भिलाई से लेकर रायपुर तक कांग्रेसियों का विरोध-प्रदर्शन, कोर्ट में पेश कर ईडी ने लिया पांच दिन की रिमांड पर

# शराब घोटाले में पूर्व सीएम के बेटे चैतन्य तक आंच, छापे के बाद ईडी ने किया गिरफ्तार, कांग्रेस का हंगामा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/भिलाई

इधर, जन्मदिन के दिन चैतन्य की गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेसियों ने जमकर हंगामा किया। भिलाई तीन में इकट्ठे हुए समर्थकों ने गिरफ्तारी का विरोध करते हुए नारेबाजी की और फंसाए जाने का आरोप लगाया। चैतन्य को रायपुर लाए जाने के बाद ईडी दफ्तर के सामने कांग्रेस नेताओं का जमावड़ा लग गया। यहां भी गिरफ्तारी को लेकर भाजपा पर नेताओं ने जमकर हमला बोला। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं में झड़प के भी हालात बने।

खबर के मुताबिक ईडी के डेढ़ दर्जन अफसर शुक्रवार को सुबह पौने छह बजे पूर्व मुख्यमंत्री के भिलाई स्थित सेक्टर-3 में छापा मारने के लिए पहुंचे। इसकी सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में दुर्ग, भिलाई के कांग्रेस कार्यकर्ता ▶▶| शेष पेज 6 पर

### ईडी कार्यालय के बाहर पुलिस तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच तीखी नोक-झोंक



#### प्रदर्शन के दौरान पुलिस के साथ तीखी झड़प

चैतन्य बघेल को गिरफ्तार कर रायपुर ईडी कार्यालय लाए जाने की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के साथ एनएसयूआई के कार्यकर्ता ईडी कार्यालय पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड तथा पुलिस घेरा तोड़ कर ईडी कार्यालय में घुसने की कोशिश की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ धक्का-मुक्की के साथ नोक-झोंक हुई। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाकर प्रदर्शन किया।

### ईडी अपनी कार्रवाई कर रही है: केदार



छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री केदार कश्यप ने भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी पर कहा, सरकार किसी भी तरह के दबाव में नहीं है। ये कांग्रेस की सरकार नहीं है। ईडी अपनी कार्रवाई कर रही है, ईडी सरकार के कहने पर नहीं चलती। इससे पहले भी उनसे पूछताछ हुई थी, वे शक के दायरे में हैं।

### महंत ने कहा- ईडी का दुरुपयोग



नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरण दास महंत ने कहा कि ईडी का दुरुपयोग किया जा रहा है। हमारे घर परिवारों के सदस्यों को परेशान किया जा रहा है। आज ईडी ने जन्मदिन पर हमारे घर के बच्चे को उठा लिया। यह सब सरकार के दबाव में हो रहा है।

### भूपेश बोले दबाव में कार्रवाई



बेटे की गिरफ्तारी को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा-मेरे बेटे के जन्मदिन पर आज फिर से ईडी ने छापा मारा। 10 मार्च से लेकर अब तक कोई पूछताछ नहीं हुई, कोई नोटिस नहीं दिया गया। आज सीधा सर्च वारंट लाकर गिरफ्तार कर लिया गया। कानून व्यवस्था नाम की कोई भी चीज प्रदेश में नहीं बची है। उन्होंने कहा, 5000 पेड़ों की कटाई का मुद्दा ▶▶| शेष पेज 6 पर



### कांग्रेस के पूर्व मंत्री, विधायक पहुंचे कोर्ट से लेकर ईडी कार्यालय तक

*चैतन्य को भिलाई से गिरफ्तार कर रायपुर लाए जाने की जानकारी मिलने पर कांग्रेस के पूर्व मंत्री, विधायक से लेकर वर्तमान विधायक तथा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कोर्ट पहुंचे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कोर्ट परिसर में अपने बेटे से बात की। चैतन्य को कोर्ट में पेश करने के आधे घंटे पूर्व विधायक कोर्ट पहुंच गए थे। लंच टाइम होने पर सारे विधायकों ने ईडी कार्यालय के सामने नलघर चौक के पास धरना प्रदर्शन किया।*

---

## कांग्रेस के कोषाध्यक्ष के करीबी पर ईओडब्लू का शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



कोल घोटाले में फरार आरोपी देवेंद्र डड़सेना को ईओडब्लू ने शुक्रवार को गिरफ्तार स्पेशल कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया है। स्पेशल कोर्ट ने पूछताछ करने देवेंद्र की छह दिनों की पुलिस रिमांड स्वीकृत की है। ईओडब्लू की गिरफ्त में आया देवेंद्र कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल का करीबी बताया जा रहा है। आरोप है कि देवेंद्र पैसे कलेक्शन कर रामगोपाल अग्रवाल तक पहुंचाने का काम ▶▶| शेष पेज 6 पर

## विस सत्र स्थगित, शीतकालीन सत्र नवा रायपुर के नए भवन में होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। मानसून सत्र के अंतिम दिन विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, सत्र में कुल पांच बैठकें हुईं। सत्र में 19 घंटे 5 मिनट चर्चा हुई। सदन में आज की कार्यवाही अंतिम थी। अगले सत्र से हम नए विधानसभा में बैठेंगे। शीतकालीन सत्र दिसंबर में आयोजित होगा। सदन में विकास से जुड़े मुद्दों पर बात हुई। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा, मुझे यह पूर्ण विश्वास है कि आप सभी का संसदीय आचरण और व्यवहार ही लोकतंत्र के इस पावन मंदिर की गरिमा को संवर्धित करने का सशक्त माध्यम सिद्ध होगा। लोक कल्याण ▶▶| शेष पेज 6 पर

### 13 विधेयक किए गए पारित

इस सत्र की कुल 5 बैठकों में लगभग 19 घंटे 50 मिनट चर्चा हुई है। सत्र में तारांकित प्रश्नों की 516 एवं अतारांकित प्रश्नों की 480 इस प्रकार कुल 996 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुईं। 28 प्रश्नों पर सभा में ▶▶| शेष पेज 6 पर

### वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ़ लीजेंड्स 2025 टूर्नामेंट प्रारंभ

## भारत-पाकिस्तान के बीच कल होगा क्रिकेट का महामुकाबला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ़ लीजेंड्स 2025 टूर्नामेंट की शुरुआत शुक्रवार, 18 जुलाई से हुई। इस टूर्नामेंट में भारत, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका के दिग्गज खिलाड़ी खेलते हुए नजर आएंगे जो इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। इस टूर्नामेंट में इंडिया चैंपियंस और पाकिस्तान चैंपियंस के बीच 20 जुलाई को इंग्लैंड के एजबेस्टन स्टेडियम में मैच खेला जाएगा। जहां एक तरफ इंडिया चैंपियंस में युवराज सिंह कप्तानी करते हुए नजर आएंगे, वहीं पाकिस्तानी टीम की कमान दिग्गज ऑलराउंडर शाहिद ▶▶| शेष पेज 6 पर

### 2 अगस्त को होगा फाइनल

#### ऐसे होगी टीमों के बीच भिड़ंत

टूर्नामेंट के शुरुआती चरण में हर टीम बाकी पांच टीमों से 1-1 बार भिड़ेगी। वहीं अंक तालिका में टॉप-4 नंबर पर रहने वाली टीमें सेमीफाइनल में जगह जगह बनाएंगी। दोनों सेमीफाइनल 31 जुलाई को खेले जाएंगे। इसके बाद 2 अगस्त को फाइनल मैच से टूर्नामेंट का समापन होगा।



#### कहां और कितने बजे होगा मुकाबला

इंडिया चैंपियंस और पाकिस्तान चैंपियंस के बीच 20 जुलाई को बर्मिंघम के एजबेस्टन स्टेडियम में मैच खेला जाएगा। दोनों ही टीमों में कई दिग्गज खिलाड़ियों को जगह मिली है। इस टूर्नामेंट के सभी मैच का ब्रॉडकास्ट स्टार स्पोर्ट्स 1 पर होगा जबकि ये लाइव स्ट्रीम फैनकोड ऐप पर होगा। इस टूर्नामेंट के सभी मैच भारतीय समय के अनुसार रात को 9 बजे शुरू होंगे जबकि डबल हेडर के दिन के मैच शाम को 5 बजे होंगे।

#### यह है शेड्यूल

18 जुलाई- इंग्लैंड चैंपियंस बनाम पाकिस्तान चैंपियंस , रात 9 बजे। 19 जुलाई- वेस्टइंडीज चैंपियंस बनाम साउथ अफ्रीका चैंपियंस , शाम 5 बजे। 19 जुलाई- इंग्लैंड चैंपियंस बनाम ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस , रात 9 बजे। 20 जुलाई- इंडिया चैंपियंस बनाम पाकिस्तान चैंपियंस, रात 9 बजे। 22 जुलाई- इंग्लैंड चैंपियंस बनाम वेस्टइंडीज चैंपियंस, शाम 5 बजे। 22 जुलाई- इंडिया चैंपियंस बनाम साउथ अफ्रीका चैंपियंस, रात 9 बजे। 23 जुलाई- ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस बनाम वेस्टइंडीज चैंपियंस, रात 9 बजे। 24 जुलाई- ▶▶| शेष पेज 6 पर




## चिंतन

# टीआरएफ के आतंकी संगठन घोषित होने से पाक बेनकाब

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दूसरी पारी में अमेरिकी नीतियों में अस्थिरता और पाकिस्तान के प्रति झुकाव के बावजूद अमेरिका का पहलगाम हमले के लिए जिम्मेदार 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित करना न केवल भारत की कूटनीतिक जीत है, बल्कि इस आतंकी हमले में पाकिस्तान स्थित आतंकवादी गुटों के हाथ की पुष्टि भी है। पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का मुखौटा संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) है। पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी टीआरएफ ने ली थी, हालांकि बाद में पाकिस्तान एस्टाब्लिशमेंट के कहने पर टीआरएफ अपने दावे से पीछे हट गया था। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि यह कार्रवाई पहलगाम हमला मामले में न्याय संबंधी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रुख पर काम करने की अमेरिका की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हालांकि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विदेश नीति व कूटनीतिक परिपाटी का उल्लंघन करते हुए ट्रंप ने भारत व पाक के बीच युद्ध विराम पर सहमति का पहले ऐलान कर नई दिल्ली को असहज कर दिया था। इस दौरान ऐसी स्थिति बनी कि अमेरिका पाकिस्तान के साथ खड़ा दिखा। पाक के सेना प्रमुख ने पीओके में भारत व हिंदुओं के खिलाफ भड़काऊ बयान दिया, उसके कुछेक दिनों बाद ही पहलगाम में आतंकवादी हमला हुआ, जिसमें धर्म पूछ कर निहत्थे निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया। इस आतंकी हमले में पाकिस्तान स्थित आतंकी गुटों का स्पष्ट हाथ था, जिसके खिलाफ भारत ने ऑपरेशन सिंदूर किया। इस दौरान भारतीय सेना ने पाक सरकार के प्रतिष्ठानों, सैन्य ठिकाने और आम नागरिकों को निशाना नहीं बनाया, केवल आतंकवादी गुटों के अड्डों पर टार्गेटेड हमले किए। लेकिन पाकिस्तान ने भारत पर हमले शुरू कर दिए, सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, जिसका भारत ने करारा जवाब दिया। यह सब जानते हुए भी ट्रंप ने पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर को व्हाइट हाउस में दावत पर बुलाया और स्पेशल ट्रीटमेंट दी। हालांकि अमेरिका की यह कूटनीतिक कवायद पाकिस्तान को साधने की थी कि जब वो ईरान पर हमला करे, तो पाकिस्तान ईरान का साथ न दे। लेकिन इसकी टाइमिंग ने ट्रंप को आतंकवाद के पालक-पोसक और पहलगाम आतंकी हमले के जिम्मेदार पाकिस्तान के साथ खड़ा कर दिया। अब अमेरिका द्वारा टीआरएफ को आतंकवादी संगठन घोषित करने से पाकिस्तान वैश्विक स्तर पर बेनकाब हो गया है। भारत ने अमेरिका के इस फैसले का स्वागत किया है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आतंकवाद रोधी अमेरिकी प्रतिबद्धता की सराहना की है, लेकिन अमेरिका की अस्थिर नीतियों के चलते अभी भारत को पैनी नजर वाशिंगटन पर रखनी चाहिए कि उसकी प्राथमिकताओं में आतंकवाद को खाद-पानी देने वाला पाकिस्तान कहां है। कहीं टैरिफ वार्ता से पहले अमेरिका का फैसला भारत को संतुष्ट करने के लिए तो नहीं है? भारत ने कई वैश्विक मंचों और द्विपक्षीय वार्ता में पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित किए जाने की वकालत की है। अब देखना है कि अगर अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ इतना ही प्रतिबद्ध है तो क्या वह पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित करेगा? इस दिशा में वह कोई कदम उठाता है या नहीं। पहलगाम हमला 2008 में लश्कर-ए-तैयबा द्वारा किए गए मुंबई हमलों के बाद भारत में नागरिकों पर सबसे घातक हमला था। टीआरएफ ने भारतीय सुरक्षा बलों के खिलाफ कई हमलों की जिम्मेदारी भी ली है, जिनमें 2024 में किया गया हमला भी शामिल है।

# छांगुर का इस्लामीकरण जाल



विश्लेषण
अवधेश कुमार

छांगुर उर्फ जिंदा पीर ऊर्फ जलालुद्दीन को जिन्होंने कपड़ों की फेरी लगाते, अंगूठी, नग, माला देते देखा होगा, उन्होंने सपने में भी उसके वर्तमान रूप की कल्पना नहीं की होगी। ऐसा व्यक्ति, जिसका अपने समाज में भी महत्व नहीं हो, 500 करोड़ से ज्यादा का साम्राज्य खड़ा कर ले, विदेशों में भी उसका नेटवर्क हो जाए, हिंदू लड़कियों -महिलाओं को मुसलमान बनाता रहे और उसके विरुद्ध शिकायत करने वाले की ही शामत आ जाए तो इसके विश्लेषण के लिए शब्द ढूंढने पड़ेंगे। भारत के हिंदुओं या सनातनियों को समझ में आना चाहिए कि चारों तरफ उनके विरुद्ध अलग-अलग तंत्र के रूप में घात लगाए हर अस्तर से शक्तिशाली शिकारियों का झुंड बैठा है।

उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में हिंदुओं को मुसलमान बनाने का जैसा तंत्र सामने है, वह देश के प्रत्येक व्यक्ति के लिए चेतावनी है। यह स्वतंत्र भारत का अब तक का एक व्यक्ति केंद्रित हिंदुओं को मुसलमान बनाने का ऐसा सबसे बड़ा तंत्र सामने आया है जो कंपनी की तरह व्यवस्थित है, जिसकी अनेक परतें हैं। इसमें हिंदुओं को फंसाने, बरगलाने के लिए युवक - युवतियों की तैयार फौज सक्रिय है। उनकी संख्या बढ़ाई जा रही है और तंत्र के स्थायी देशव्यापी ठोस ढांचे के रूप में विस्तृत होने की प्रक्रिया भी जारी है। छांगुर उर्फ जिंदा पीर ऊर्फ जलालुद्दीन को जिन्होंने कपड़ों की फेरी लगाते, अंगूठी, नग, माला देते देखा होगा, उन्होंने सपने में भी उसके वर्तमान रूप की कल्पना नहीं की होगी। ऐसा व्यक्ति, जिसका अपने समाज में भी महत्व नहीं हो, 500 करोड़ से ज्यादा का साम्राज्य खड़ा कर ले, विदेशों में भी उसका नेटवर्क हो जाए, हिंदू लड़कियों - महिलाओं को मुसलमान बनाता रहे और उसके विरुद्ध शिकायत करने वाले की ही शामत आ जाए तो इसके विश्लेषण के लिए शब्द ढूंढने पड़ेंगे। देश-विदेश में मोटा-मोटी तीन दर्जन बैंक खाते, जिनमें लगातार धन आ और निकल रहे हों, किसी बड़ी कंपनी की गतिविधियों जैसी है। बलरामपुर का मधुपुर गांव उत्तर प्रदेश एटीएस यानी आतंक विरोधी दस्ता, पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों, आयकर विभाग, ईडी से लेकर मीडिया की गतिविधियों का केंद्र बना है।

प्राथमिक सूचना थी कि वह लगभग 1500 हिंदुओं को इस्लाम मजहब में ला चुका है किंतु अब कई गुना ज्यादा संख्या सामने आ सकती है। इस घटना के अभी अनेक पहलू रहस्य में हैं। उसके बारे में नियमित हैरत में डालने वाली नई जानकारियां सामने आ रहीं हैं जो धरातल पर थीं। गांव में तीन बीघे में बना हुआ 70 कमरे का आलीशान मकान जिसमें सारी आधुनिक सुख - सुविधायें और निर्माण ऐसा कि लोगों को बंद कर कुछ भी कर दिया जाए तो बाहर पता न चले। आठ बुलडोजर को 40 कमरे वाले हिस्से को तोड़ने में तीन दिन लगे। उसकी कहानी पर सहसा विश्वास नहीं होता। उसकी ताबीज़ या नगों से कुछ लोगों को कठिनाइयों से थोड़ी बहुत मुक्ति मिली तो उन्होंने छांगुर को पीर मानना शुरू किया और उसकी ख्याति बढ़ी। पत्नी को प्रधानी का चुनाव लड़वाया, वह दो बार जीती और क्षेत्र में उसका कद बढ़ा। इसके पीछे भी कितने लोगों का दिमाग था इसकी परतें खुलनी अभी बाकी हैं। नीतू और नवीन के मुसलमान बनने के दस्तावेज दुबई के हैं। यह कैसे संभव हुआ? वे अनेक बार विदेश गए। दोनों के 19 बार दुबई जाने के रिकॉर्ड हैं जिनमें केवल एक बार साथ गये! अजीब रहस्य है। ईसाई मिशनरियां दलितों व जनजातियों को लक्ष्य बनाकर धर्मांतरण करतीं हैं। उनके पास हर क्षेत्र का जनांकिकीय डाटा है। उसने वहां से डाटा हासिल किया और उत्तर प्रदेश के अलावा 550 से ज्यादा जिलों की पहचान की थी, जहां हिंदू युवतियों-महिलाओं को मुस्लिम बनाने का योजनाबद्ध अभियान चलना था। सोचिए, कितनी बारीकी से वह भारत के इस्लामीकरण पर काम कर रहा था और हिंदू या गैर मुस्लिम बहुसंख्य समाज में उसका बाल तक बांका नहीं हुआ। उसके अकेले के दिमाग की बात नहीं हो सकती। क्या यह आपको नए सिरे से ऐसे तत्वों के मुकाबले के लिए



भूमिका तैयार करने की चेतावनी नहीं है? हिंदू जाति व्यवस्था का ताना देने वाले ध्यान रखें कि बड़ी संख्या में ब्राह्मण और राजपूतों की लड़कियों ने छांगुर तंत्र के प्रभाव- दबाव में इस्लाम कबूल किया है। नीतू वोरा और नवीन वोरा ही नसरीन और जमालुद्दीन कैसे बन गए? इनके मामले में जाति पहलू नहीं है। मुंबई में व्यापार करने वाले दोनों पति-पत्नी कठिनाई में संपर्क में आए। वह मुंबई जाने पर उन्हीं के यहां ठहरने लगा। इन दोनों ने तय कर लिया कि गांव में उसके साथ ही रहना है और इसलिए संपत्ति बेची। छांगुर की हिंदुओं के इस्लामीकरण की कल्पना को साकार करने के लिए जिंदगी लगा दी। घर के साथ शहर की जमीन, दुकानें भी नीतू के नाम है। इनके खातों में ही ज्यादा धन आए और निकले। कोई अपने विचार से मजहब बदले यह उसका अधिकार है। किंतु धन, बाहुबल और हर तरीके से जाल में लाकर, विवश कर इस्लामीकरण का यह तंत्र अपराधियों माफियाओं का गिरोह जैसा था। शायद छांगुर का भयानक तंत्र कायम रहता यदि चंगुल में फंसी कुछ लड़कियां, महिलायें बाहर नहीं आती। एक घटना में अनाम से संगठन विश्व हिंदू रक्षा परिषद ने जब लखनऊ में कुछ की हिंदू धर्म में वापसी का हवन किया और मीडिया में बातें आई, तब देश के संज्ञान में आया कि छांगुर इन सबके पीछे है। यह स्थिति डराने के साथ खीझ भी पैदा करती है कि एक व्यक्ति सरेआम हिन्दुओं को मुस्लिम बनाने की इस्लामी कॉर्पोरेट शैली में कंपनी खड़ी कर उत्तर प्रदेश से विदेश तक विस्तारित कर लेता है और पुलिस, प्रशासन, संगठनों, जनप्रतिनिधियों को इतने वर्षों तक पता नहीं चलता। उसने मुख्य मार्ग से अपने किले तक 500 मीटर सड़क बना ली। 50 कमांडो तैयार किए जो खुलेआम चलते थे। ऐसा संभव नहीं कि लोग पुलिस, प्रशासन, जनप्रतिनिधियों तक शिकायत लेकर नहीं गये हों। पुलिस प्रशासन में हैसियत ऐसी कि छांगुर के सहयोगी ने भागकर पुलिस में शिकायत की, पर उसके विरुद्ध ही धारा 307 के तहत मुकदमा दर्ज हो गया। उसके खातों में विदेश से पैसे आते रहे, उसके लोग असामान्य रूप से विदेश जाते- आते रहे और केंद्रीय एजेंसियों के कान खड़े नहीं हुए। तो इसके अर्थ क्या हैं? यह सच है कि केंद्र और अनेक प्रदेशों में भाजपा की सरकारें आने के बाद स्थिति बदली है और आज केंद्र तथा प्रदेश की भाजपा सरकार के कारण ही कार्रवाई संभव हो सकी। बावजूद स्वीकारना होगा कि अभी भी मजहबी मतांतरण, लव जिहाद, मजार, मदरसों के नाम जमीन कब्जा करने आदि अनेक मामलों की आरंभिक शिकायत पुलिस प्रशासन गंभीरता से नहीं लेता।

प्रायः संगठनों, राजनीति का रवैया भी उत्साहजनक नहीं रहता तथा उनके विरुद्ध काम करने वालों के जीवन में ही संकट पैदा हो जाते हैं। अभी तक भाजपा विरोधी पार्टियों, एक्टिविस्टों, मीडिया के पुरोधाओं में से किसी ने इस पर सामान्य विरोधी प्रतिक्रिया भी व्यक्त नहीं की है। क्या निर्दोष, निरपराध हिंदू लड़कियों-महिलाओं की इज्जत, गरिमा, उनके मानवाधिकार का महत्व नहीं? इसका उत्तर उनसे मांगा जाना चाहिए। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के अंदर ऐसा होना बताता है कि पूरे एप्रोच में आमूल बदलाव की आवश्यकता है। भारत में इस्लामिक कट्टरता का मुख्य आधार उत्तर प्रदेश है। पुलिस प्रशासन का भ्रष्टाचार, अनेक नेताओं की दिशाहीनता तथा कायरता ही इसके पीछे मूल कारण है। भारत के हिंदुओं या सनातनियों को समझ में आना चाहिए कि चारों तरफ उनके विरुद्ध अलग-अलग तंत्र के रूप में घात लगाए हर अस्तर से शक्तिशाली शिकारियों का झुंड बैठा है। आप चौकन्ने रहकर उनके मुकाबले के लिए तैयार नहीं हैं तो फिर कोई सरकार या व्यवस्था आपको हिंदू या सनातनी के रूप में बचा नहीं सकती।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## उपलब्धि

हर्षवर्धन पान्डे



# मप्र के स्वच्छता मॉडल ने पेश की नई मिसाल

मध्यप्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में लगातार आठवीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब अपने नाम किया है। इंदौर ने 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों की सुपर स्वच्छ लीग सिटीज कैटेगरी में ओवरऑल पहला स्थान हासिल किया है। यह उपलब्धि न केवल इंदौरवासियों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह शहर की स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता, नागरिकों की सक्रिय भागीदारी और नगर निगम के बेहतरीन नवाचारों का परिणाम है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत आयोजित इस सर्वेक्षण में इंदौर ने एक बार फिर साबित कर दिया कि स्वच्छता केवल एक आदत नहीं, बल्कि एक संस्कृति है। इंदौर पूर्व में सात बार देश के स्वच्छतम शहर का पुरस्कार प्राप्त कर चुका है। उज्जैन को 3 से 10 लाख जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में स्वच्छ लीग पुरस्कार प्राप्त हुआ, जो गर्व का विषय है। इसी प्रकार 20 हजार से कम आबादी वाले नगरों की श्रेणी में बुधनी नगर को भी सम्मानित किया गया। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में मध्यप्रदेश के अन्य शहरों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इंदौर के साथ भोपाल, देवास, शाहगंज, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन एवं बुधनी को भी विभिन्न श्रेणियों में स्वच्छता पुरस्कार मिला है। बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन को 3 से 10 लाख जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में शीर्ष स्थान मिला है जबकि 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले स्वच्छ शहरों में भोपाल दूसरे, जबलपुर पांचवें और ग्वालियर 14वें स्थान पर रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में स्वच्छता में प्रॉमिसिंग शहर का स्टेट अवार्ड ग्वालियर को मिला है। इसी तरह से 50 हजार से तीन लाख जनसंख्या वाले स्वच्छ शहरों में देवास प्रथम स्थान पर रहा। मध्यप्रदेश ने कुल आठ राष्ट्रीय पुरस्कार हासिल किए जिससे राज्य ने स्वच्छता के क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की।

इंदौर की स्वच्छता की सफलता का श्रेय शहर के कचरा प्रबंधन, जन जागरूकता और नवाचारों को जाता है। इंदौर के स्वच्छता मॉडल ने शहर को कचरा-मुक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इंदौर में खुले में कचरा फेंकना पूर्णतः प्रतिबंधित है। शहर में कचरा डंपिंग को शून्य करने के लिए सभी कचरे की प्रोसेसिंग की जाती है। गीले कचरे से खाद बनाई जाती है, जबकि सूखे कचरे को रिसाइकिल कर अनेक उत्पाद बनाए जाते हैं। इंदौर की सफलता का सबसे बड़ा आधार जनभागीदारी भी है। स्वच्छता के प्रति नागरिकों का जुनून और सामूहिक प्रयास इस मॉडल को अनूठा बनाते हैं। नगर निगम ने विभिन्न जागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया है। इंदौर ने कचरा प्रबंधन के लिए हाई-टेक सिस्टम विकसित किया है। कचरा संग्रहण वाहनों की हर गतिविधि को जीपीएस के माध्यम से ट्रैक किया जाता है। एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियंत्रण कक्ष से हर सेकंड की गतिविधि की निगरानी की जाती है। इंदौर में एशिया का सबसे बड़ा बायो-मीथेन गैस प्लांट स्थापित किया गया है जो गीले कचरे से बायो-गैस और खाद उत्पादन करता है। इसके अतिरिक्त, भारत का पहला पीपीपी मॉडल आधारित हरित कचरा प्रसंस्करण संयंत्र भी इंदौर में स्थापित है जो लकड़ी और पत्तियों से पर्यावरण-अनुकूल उत्पाद बनाता है। एक दौर ऐसा भी था जब इंदौर की सड़कों पर कचरा देखा जाता था लेकिन आज यह शहर कचरे से सीएनजी और खाद बनाने में अग्रणी है। इंदौर नगर निगम ने कचरे के शत-प्रतिशत पृथक्करण और रीसाइक्लिंग को सुनिश्चित किया है। भारत के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में इंदौर ने न केवल देश में बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहचान बनाई है। आज इंदौर का स्वच्छता मॉडल जनभागीदारी, तकनीकी नवाचार और प्रशासनिक दक्षता का एक अनूठा संगम बना है। यह मॉडल भारत के अन्य शहरों के लिए भी एक प्रेरणा बन चुका है। इंदौर का स्वच्छता मॉडल न केवल एक शहर की स्वच्छता की कहानी है बल्कि यह दर्शाता है कि सामूहिक इच्छाशक्ति, तकनीकी नवाचार और प्रशासनिक दृढ़ता के साथ कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। नगर निगम ने कचरा प्रबंधन के लिए नवाचारी योजनाएँ बनाई और उन्हें प्रभावी ढंग से लागू किया। यह मॉडल न केवल स्वच्छ भारत मिशन का प्रतीक है बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास का भी एक जीवंत उदाहरण है। यह मॉडल पूरे देश के लिए एक प्रेरणा है कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक जीवनशैली हो सकती है। इंदौर ने आठवीं बार स्वच्छता रैंकिंग में देश में शीर्ष स्थान पर रहकर यह साबित कर दिया है कि यदि इरादे मजबूत हों तो देश का कोई भी इलाका कचरे के ढेर से निकलकर स्वच्छता की मिसाल बन सकता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## प्रयास करके मानव खोल सकता है सफलता के द्वार



संकलित
**दर्शन**

मानव के विषय में धर्म शास्त्रों के स्वर बहुत उच्च कोटि के हैं। मानव को विश्व का श्रेष्ठ तम प्राणी तो स्वीकार किया ही है, मानव को अपार क्षमता का भंडार बताया गया है। यह सत्य है क्यों कि हम देखते हैं कि कुछ व्यक्ति निश्चित ही अद्भुत क्षमता, प्रतिभा लिए होते हैं। इसका अर्थ है सभी मानवों में वे योग्यताएं रही हुई है। अन्तर केवल इस बात का है कि कुछ व्यक्ति प्रयास करके अपनी क्षमताओं का जागरण कर लेते हैं कुछ यह नहीं कर पाते। जो यह प्रयास नहीं कर पाते, वे समझने लगते हैं कि उसको परमात्मा की देन है हम उससे वंचित है किन्तु वास्तविकता यह नहीं है। परमात्मा किसी को कुछ देता नहीं है और यदि वह देगा तो सभी को बराबर देगा। भेद भाव क्यों करेगा। उच्च पुरुष भी भेद भाव नहीं करते तो परमात्मा भेद भाव कैसे करेगा ? वास्तव में परमात्मा कुछ देता नहीं है किसी को। जिसको सफलताएं मिलती है उसे उसके प्रयास से मिलती है और जो जीवन में कुछ भी नहीं कर पाता है तो यह उसकी ही अकर्मण्यता है। परमात्मा को दोष नहीं देना चाहिए। कालीदास बचपन में निरक्षर थे किन्तु प्रयास कर के महान विद्वान बन गए। सफलता प्राप्त व्यक्तियों का सर्वदा एक ही मार्ग रहा है प्रयास। प्रयत्न करते हुए व्यक्ति को कोई परास्त नहीं कर सकता। मानव की चेतना का मौलिक स्वरुप परमात्मा मय है अतः आत्म विश्वास पूर्वक सही दिशा में प्रयत्न करें तो वह अपने जीवन की सफलता के सारे द्वार खोल सकता है। उसका प्रयत्न ही वह चाबी है जिसका उसे प्रयोग करना है। **-कांतिलाल मांडोत,** सूरत


## गुरु का स्थान श्रेष्ठ



संकलित
**प्रेरणा**

एक राजा को पढ़ने लिखने का बहुत शौक था। एक बार उसने मंत्री-परिषद् के माध्यम से अपने लिए एक शिक्षक की व्यवस्था की। शिक्षक राजा को पढ़ाने के लिए आने लगा। गुरु तो रोज खूब मेहनत करते थे परन्तु राजा को उस शिक्षा का कोई लाभ नहीं हो रहा था। राजा बड़ा परेशान, गुरु की प्रतिभा और योग्यता पर सवाल उठाना भी गलत था क्योंकि वो एक बहुत ही प्रसिद्ध और योग्य गुरु थे। आखिर में एक दिन रानी ने राजा को सलाह दी कि राजन आप इस सवाल का जवाब गुरु जी से ही पूछ कर देखिये। राजा ने एक दिन हिम्मत करके गुरूजी के सामने अपनी जिज्ञासा रखी, हे गुरुवर क्षमा कीजियेगा, मैं कई महिनो से आपसे शिक्षा ग्रहण कर रहा हूँ पर मुझे इसका कोई लाभ नहीं हो रहा है। ऐसा क्यों है ? गुरु जी ने बड़े ही शांत स्वर में जवाब दियाः राजन इसका कारण बहुत ही सीधा सा है.. गुरूजी ने कहाः राजन बात बहुत छोटी है परन्तु आप अपने बड़े होने के अहंकार के कारण इसे समझ नहीं पा रहे हैं और परेशान और दुखी हैं। माना कि आप एक बहुत बड़े राजा हैं। आप हर दृष्टि से मुझ से पद और प्रतिष्ठा में बड़े हैं परन्तु यहाँ पर आप का और मेरा रिश्ता एक गुरु और शिष्य का है।.. गुरु होने के नाते मेरा स्थान आपसे उच्च होना चाहिए, परन्तु आप स्वंय ऊँचे सिंहासन पर बैठते हैं और मुझे अपने से नीचे के आसन पर बैठाते हैं। बस यही एक कारण है जिससे आपको न तो कोई शिक्षा प्राप्त हो रही है और न ही कोई ज्ञान मिल रहा है। आपके राजा होने के कारण मैं आप से यह बात नहीं कह पा रहा था।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जनप्रतिनिधियों की शपथ में हो समीचीन बदलाव

भारतीय संविधान में व्यवस्था है कि हर मंत्री, विधायक, सांसद और राष्ट्रपति तक, सभी जन-प्रतिनिधि शपथ उठाते हैं कि वे पद की गरिमा एवं गोपनीयता का निर्वहन करेंगे और संविधान तथा देश की जनता के प्रति उत्तरदायी रहेंगे। जवाबदेह रहना भी चाहिए। यह एक बहुत ही अच्छी व्यवस्था है। सब बेहतरी के लिए ही है। इस शपथ में और कुछ शब्द जोड़े जा सकते हैं, कि बड़बोलेपन, भाई-भतीजावाद, घोटालों और क्षेत्रवाद से दूर रहूंगा और पक्षपात से हमेशा तौबा करूंगा। यह भी शपथ में शामिल हो कि, यदि जनाकांक्षाओं पर खरा न उतरूं, तो पद त्याग दूंगा, क्योंकि निर्वाचन के बाद नेताओं का व्यवहार बदल जाता है। **- सचिन देशपांडे**, दुर्ग

## ट्रेंड


### घुसपैठियों पर कार्रवाई

अवैध प्रवासियों पर लगातार कार्रवाई। 12 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया है और कछार व श्रीभूमि के रास्ते बांग्लादेश वापस भेज दिया गया है। हम अवैध घुसपैठियों पर कोई रहम नहीं करेंगे और अपना कड़ा रुख जारी रखेंगे।
**-हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**



### 125 यूनिट बिजली मुफ्त

हम शुरू से ही सस्ती दरों पर सभी को बिजली उपलब्ध करा रहे हैं। अब हमने तय कर दिया है कि 1 अगस्त, 2025 से यानी जुलाई माह के बिल से ही राज्य के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट तक बिजली का कोई पैसा नहीं देना पड़ेगा।
**-नीतीश कुमार, सीएम, बिहार**



### इस्लाम-कुरान पर चुप्पी

कथित धर्मनिरपेक्ष नेताओं की सारी 'धर्मनिरपेक्षता' सिर्फ़ हिंदू धर्म और उसकी आस्थाओं पर टिप्पणी करने तक ही सीमित रहती है लेकिन जैसे ही बात इस्लाम और कुरान पर आती है तो वही नेता अचानक 'चुप्पी' साध लेते हैं।
**-केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र**




### मनुवादी व्यवस्था

हरियाणा के सिरसा में दलित युवक की हत्या और उसके परिवार के साथ बर्बरता सिर्फ एक अपराध नहीं है - यह भाजपा-आरएसएस के मनुवादी सिस्टम का वो घिनौना चेहरा है जो बहुजनों के जीवन को सस्ता समझता है।
**-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**



## करंट अफेयर

### श्रीलंका में चेम्मानी सामूहिक कब्रगाह से बच्ची के अवशेष मिले




श्रीलंका के जाफना जिले में एक सामूहिक कब्रगाह से निकाले गए मानव अवशेषों में चार-पांच साल की एक लड़की के कंकाल की पहचान की गई है। 1990 के दशक के मध्य में लिट्टे संघर्ष के दौरान पहली बार यह कब्र चर्चा में आई थी। वकील जगनाथन तथपरन ने कहा, "फोरेंसिक पुरातत्वविद् राज सोमदेव ने चेम्मानी में स्थित सामूहिक कब्र की खुदाई के निष्कर्षों की रिपोर्ट 15 जुलाई को जाफना मजिस्ट्रेट की अदालत को दी थी।" राज सोमदेव इस खुदाई की देखरेख कर रहे थे इस वर्ष के आरंभ में, न्यायालय ने सामूहिक कब्र स्थल पर नियमित विकास कार्य के दौरान मानव कंकाल के अवशेष मिलने के बाद कानूनी निगरानी में खुदाई का आदेश दिया था। तथपरन ने बताया कि बच्ची के अवशेष के साथ स्कूल बैग और खिलौने मिले हैं। सोमदेव ने अदालत को बताया कि वह 4-5 साल की उम्र की एक लड़की थी। वकील ने बताया कि कपड़ों और शारीरिक विशेषताओं में समानता के आधार पर दो और कंकाल भी बच्चों के होने का संदेह है। चेम्मानी स्थल ने पहली बार 1998 में सभी का ध्यान आकर्षित किया था, जब एक श्रीलंकाई सैनिक ने वहां सामूहिक कब्रों के अस्तित्व के बारे में गवाही दी थी। वहां 1990 के दशक के मध्य में लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) और श्रीलंका सरकार के बीच संघर्ष के दौरान कथित तौर पर मारे गए सैकड़ों नागरिकों की कब्रें थीं।

## ऑफ बीट

### 50 हजार साल पहले से आग का इस्तेमाल किया जा रहा

2,50,000 साल पहले स्पेन में एक स्थान पर मनुष्यों के पूर्वजों या वनमानुष द्वारा आग के नियंत्रित इस्तेमाल के सबूत मिले हैं। यह यूरोप में आग नियंत्रण के



शुरुआती सबूतों से 50,000 साल पुरानी बात है। यह अध्ययन 'नेचर साइंटिफिक रिपोर्ट्स' में प्रकाशित हुआ है। मनुष्यों के पूर्वजों तथा आग के अवशेषों का एक ही स्थान पर मिलना वाकई खास है। यूरोप के बाहर मनुष्यों द्वारा प्राकृतिक आग का इस्तेमाल करने के सबसे पुराने सबूत दक्षिण अफ्रीका में स्वार्टक्रान गुफा से मिलते हैं जहां 10 से 15 लाख वर्ष पहले पशुओं की सैकड़ों जली हुई हड्डियों के साथ वनमानुष के अवशेष पाये गये। मनुष्यों द्वारा जलाई आग के सबसे शुरुआती सबूतों से लगभग एक लाख साल आगे : इजराइल में 7,90,000 साल पुरानी ग्रेशर बेनोट याआकोव नामक एक खुली जगह है। इस स्थान पर मिले साक्ष्यों में जले हुए पौधे और पत्थर के जले हुए औजार शामिल हैं। इजराइल में क्वेसेम गुफा और ताबुन गुफा जैसे अन्य स्थानों पर ही आग जलाये जाने के ऐसे ही सबूत मिले हैं। यूरोप में आमतौर पर यह स्वीकार किया जाता है कि वनमानुष ने कम से कम 3,50,000 साल पहले आग का नियमित रूप से इस्तेमाल किया। कुछ संकेत मिले हैं कि अग्नि नियंत्रण का संबंध एश्यूलिन नामक पत्थर औजार तकनीक के विस्तार से जुड़ा है।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोनः 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेलः haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइटः www.haribhoomi.com

बिलासपुर
शनिवार, 19 जुलाई 2025
श्रावण कृष्ण पक्ष नवमी
वर्ष : 25, अंक : 118
पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 5 .00***

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


मौसम
अधि. 33.2
न्यून. 25.7


7
भारतीय महिला टीम की निगाह इंग्लैंड से वनडे ...





विचार पेज
छांगुर का इस्लामीकरण जाल



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## अबूझमाड़ में मुठभेड़, माड़ डिवीजन के आधा दर्जन हार्डकोर माओवादी ढेर

# ऑपरेशन मानसून, फोर्स ने अबूझमाड़ में मार गिराए छह नक्सली, शव बरामद

### मौके से नक्सलियों के शव के अलावा अत्याधुनिक हथियार भी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर/नारायणपुर

संयुक्त सुरक्षाबलों ने एक बार फिर नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ इलाके में माड़ डिवीजन के नक्सलियों को घेर रखा है। सुरक्षाबल के जवानों ने देर शाम तक 6 नक्सलियों को ढेर कर दिया था, वहीं मुठभेड़स्थल से अत्याधुनिक हथियार व विस्फोटक भी बरामद किया गया है। नक्सलियों की अभी शिनाख्ती नहीं हो सकी है। मुठभेड़ जारी है।

नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ इलाके में शीर्ष नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर लगभग 48 घंटे पूर्व ऑपरेशन लांच किया गया था। अभियान के दौरान शुक्रवार दोपहर से नक्सलियों व फोर्स के बीच गोलीबारी जारी है। कई बार हुए मुठभेड़ के बाद जवानों ने अब तक 6 नक्सलियों को मार गिराए हैं, अभी भी नक्सलियों के साथ मुठभेड़ जारी है। जवानों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मुठभेड़ स्थल की जानकारी साझा नहीं की गई है, लेकिन जवानों ने छह नक्सलियों के शव के अलावा एके 47 व एसएलआर रायफल के अलावा बड़ी मात्रा में अन्य कई हथियार, विस्फोटक सामग्री और दैनिक उपयोग की वस्तुएं मौके से बरामद किया हैं।


हरिभूमि
मानसून में नक्सली ऑपरेशन के लिए मिजोरम, हैदराबाद और जंगलवार से ट्रेनिंग के बाद उतारे गए जवान

### खास बातें

- रुक-रुककर जारी है गोलीबारी, सीआरपीएफ, डीआरजी, एसटीएफ व जिला बल की संयुक्त टीम अभियान में शामिल
- सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मुठभेड़ स्थल की जानकारी साझा नहीं की गई
- एके 47 व एसएलआर रायफल सहित बड़ी मात्रा में विस्फोटक बरामद



### ऑपरेशन मानसून में भी जारी

यहां यह बताना लाजिमी है कि भरी बरसात में भी फोर्स ने नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी रखा है। ऑपरेशन मानसून में प्रशिक्षित जवान साजो सामान के साथ मैदान में हैं। बीहड़ इलाकों में भी जवानों ने साहस के साथ अभियान छेड़ा हुआ है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा नक्सलवाद के खात्मे के लिए दी गई डेडलाइन के बाद मानसून में भी अभियान की गति धीमी नहीं की गई है।

### छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र बार्डर एरिया में मुठभेड़

जानकारी के मुताबिक यह मुठभेड़ नारायणपुर जिले के अबूझमाड व महाराष्ट्र बॉर्डर में चल रही है। इसी इलाके में शीर्ष माओवादियों के मौजूदगी की खूफिया इनपुट के बाद अभियान चलाया गया था। अभियान के दौरान शुक्रवार दोपहर से ही रुक-रुककर फायरिंग लगातार जारी है। गौरतलब है कि यह पूरा इलाका नक्सलियों का आधार क्षेत्र माना जाता रहा है, जहां नक्सली घने जंगलों और पहाड़ी क्षेत्रों में छिपे हुए हैं और सीआरपीएफ, डीआरजी, एसटीएफ और जिला बल की संयुक्त टीम नक्सलियों से मुकाबला कर रही है। पूरे इलाके को हाईअलर्ट पर रखा गया है और फोर्स लगातार नक्सलियों की घेराबंदी में लगी है। शनिवार को फोर्स के नेटवर्क में आने के बाद ही ऑपरेशन की विस्तृत जानकारी मिल सकेगी।

### मारे गए नक्सलियों की संख्या में हो सकता है इजाफा

मुठभेड़ में अब तक छह नक्सलियों के शव व अत्याधुनिक हथियार बरामद किए जा चुके हैं। मारे गए नक्सलियों की संख्या में भी इजाफा हो सकता है। अभियान में शामिल जवानों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अधिक जानकारी साझा नहीं की जा सकती। अभियान पूर्ण होने के पश्चात विस्तृत विवरण पृथक से उपलब्ध कराया जाएगा।

- सुंदरराज पट्टलिंगम
आईजी, बस्तर

### भारत की कूटनीतिक जीत, पाक को झटका

# अमेरिका ने टीआरएफ को वैश्विक आतंकी संगठन घोषित किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी हमले की जिम्मेदारी लेने वाली पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की उपशाखा द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के खिलाफ बड़ा कदम उठाया है। अमेरिका ने इस संगठन को आधिकारिक तौर पर विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया है। भारत ने शुक्रवार को अमेरिका के इस कदम का स्वागत करते हुए कहा कि यह प्रयास भारत-अमेरिका आतंकवाद विरोधी अभियान की एक मजबूत पुष्टि है। भारत ने 5 जनवरी 2023 को टीआरएफ को गैरकानूनी गतिविधि (निवारण) अधिनियम (यूएपीए) के तहत आतंकी संगठन घोषित किया था। एलईटी ने पाकिस्तान सेना के सहयोग से टीआरएफ की स्थापना 2019 में की थी। इसके कुछ समय पहले ही भारत सरकार ने जम्मू व कश्मीर राज्य से अनुच्छेद 370 हटाए ⏭ शेष पेज 6 पर

### अमेरिकी विदेश मंत्री ने की घोषणा

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा, आज, विदेश विभाग द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को एक नामित विदेशी आतंकवादी संगठन और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी के रूप में जोड़ रहा है। उन्होंने कहा, टीआरएफ और उससे जुड़े उपनामों को अब आधिकारिक तौर पर आव्रजन एवं राष्ट्रीयता अधिनियम की धारा 219 और कार्यकारी आदेश 13224 के तहत एसडीजीटी में जोड़ दिया गया है। ये संशोधन संघीय रजिस्टर में प्रकाशन के बाद प्रभावी होंगे।

### भारत ने की अमेरिकी प्रयासों की सराहना

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर लिखा, 'भारत-अमेरिका आतंकवाद-रोधी सहयोग की एक मजबूत पुष्टि। लश्कर-ए-तैयबा की उपशाखा टीआरएफ को एक विदेशी आतंकवादी संगठन और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी घोषित करने के लिए विदेश मंत्री मार्को रुबियो और विदेश विभाग की सराहना करता हूं। उन्होंने आगे लिखा, 'इस संगठन 22 अप्रैल के पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली थी। अमेरिका का यह कदम आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता का संकेत है।'

## खबर संक्षेप

### कवींद्र गुप्ता बने लद्दाख के उपराज्यपाल, शपथ ली

**लेह/जम्मू।** भाजपा के वरिष्ठ नेता कवींद्र गुप्ता ने शुक्रवार को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के नए उपराज्यपाल के रूप में शपथ ली।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को गुप्ता को लद्दाख का नया उपराज्यपाल नियुक्त किया था। अधिकारियों ने बताया कि लेह में स्थित लद्दाख राज निवास में आयोजित एक समारोह में शपथ ली।

### अरुणाचल में हथियार, गोला बारूद का जखीरा बरामद

**इटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले में सुरक्षाबलों ने एक तलाशी अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। रक्षा जनसंपर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि 'स्पीयर कोर' के नेतृत्व वाली असम राइफल्स ने एक गुप्त सूचना के आधार पर तलाशी अभियान चलाया और मियाओ-विजयनगर क्षेत्र में छह हथियार और गोला-बारूद जब्त किए।

### इस्लामपुर का नाम बदलकर ईश्वरपुर किया

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने सांगली जिले के इस्लामपुर का नाम बदलकर ईश्वरपुर करने की शुक्रवार को



घोषणा की। यह घोषणा राज्य विधानमंडल के मानसून सत्र के अंतिम दिन की गई। यह कदम हिंदूवादी संगठन शिव प्रतिष्ठान द्वारा सांगली कलेक्टरेट को एक ज्ञापन भेजकर इस्लामपुर का नाम बदलकर ईश्वरपुर करने की मांग के बाद उठाया गया।

### कुत्ते को डांटा, मालिक ने पड़ोसी की नाक काटी

**नोएडा।** गौतमबुद्ध जिले के नोएडा के नट मड़ैया गांव में भौंक रहे कुत्ते को डांटने पर उसके



मालिक ने पड़ोस में रह रहे व्यक्ति पर कुछ लोगों के साथ हमला कर दिया और उसकी नाक काट दी। पुलिस के अनुसार पीड़ित व्यक्ति देवेंद्र अपने घर पर था। उसने अपने पड़ोसी के पालतू कुत्ते को भौंकने पर डांटा था। इसके बाद कुत्ता मालिक सतीश, अमित और उसका बेटा तुषार देवेंद्र और उसकी पत्नी मुन्नी देवी की पिटाई करने लगे और धारदार हथियार से देवेंद्र की नाक काट दी। देवेंद्र अलीगढ़ के एक अस्पताल में भर्ती है।

## डिजिटल अरेस्ट के केस में पहली बार दोषी को 7 साल की सजा



एजेंसी ⏭ लखनऊ

यूपी में साइबर क्राइम के इतिहास में एक ऐतिहासिक फैसला सामने आया है। राजधानी लखनऊ की कोर्ट ने "डिजिटल अरेस्ट" के एक चर्चित मामले में पहली बार किसी आरोपी को सजा सुनाई है। खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर केजीएमयू की वरिष्ठ डॉक्टर डॉ. सौम्या गुप्ता से 85 लाख रुपये की ठगी करने वाले साइबर अपराधी देवाशीष को कोर्ट ने सात साल की कैद और जुर्माने की सजा सुनाई।

यह सजा गुरुवार को स्पेशल सीजेएम कस्टम अमित कुमार ने सुनाई। इस मामले में साइबर थाना लखनऊ ⏭ शेष पेज 6 पर

### क्या है पूरा मामला

घटना 15 अप्रैल 2024 की है। केजीएमयू (किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी) की वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सौम्या गुप्ता अपनी ड्यूटी पर थीं। तभी उनके पास एक कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को कस्टम विभाग का अधिकारी बताते हुए कहा कि वह दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट से बोल रहा है। उसने दावा किया कि डॉक्टर के नाम से एक कार्गो ⏭ शेष पेज 6 पर

### 10 दिन तक 'डिजिटल अरेस्ट'

आरोपियों ने डॉक्टर को लगातार फोन कॉल्स के जरिये डर और भ्रम में रखा। उन्होंने उन्हें 10 दिन तक डिजिटल अरेस्ट में रखा, यानी मानसिक और साइबर दबाव बनाकर घर बैठे हुए भी उन्हें पूरी तरह नियंत्रित किया। इस दौरान डॉक्टर ने चार अलग-अलग खातों में 85 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए।

## अभिनेत्री रान्या को एक साल तक नहीं मिलेगी जमानत



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- सोना तस्करी मामले में कोर्ट का फैसला

सोना तस्करी मामले में आरोपित कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव को एक साल तक जमानत नहीं मिलेगी। सलाहकार बोर्ड ने जांच के बाद रान्या के खिलाफ विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी गतिविधियों की रोकथाम अधिनियम (कोफेपोसा) के तहत कार्रवाई को बरकरार रखा। केंद्रीय आर्थिक खुफिया ब्यूरो ने रान्या और अन्य आरोपितों के खिलाफ कोफेपोसा अधिनियम लगाया है। गुरुवार को बोर्ड ने कोफेपोसा अधिनियम के अनुसार रान्या को उसकी गिरफ्तारी की तारीख से एक वर्ष तक जमानत याचिका दायर करने की अनुमति नहीं देने के निर्देश भी दिए। बोर्ड ने डीआरआइ को निर्देश दिया कि रान्या की ओर से जमानत याचिका दायर न की जाए। इससे पहले रान्या को विशेष अदालत ने जमानत दे दी थी।

### रान्या को एक वर्ष तक जेल में रहना होगा

आरोपित ने इस आधार पर जमानत मांगी थी कि राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआइ) 60 दिनों के भीतर आरोपपत्र दाखिल करने में विफल रहा। चूंकि कोफेपोसा के तहत भी मामला दर्ज किया गया था, इसलिए उसे रिहा नहीं किया गया। इस कानून के अनुसार रान्या को एक वर्ष तक जेल में रहना होगा। रान्या पिछले चार महीनों से जेल में है।






### बॉम्बे हाईकोर्ट ने महिला की याचिका खारिज कर पति के पक्ष में सुनाया फैसला

# पति से शारीरिक संबंध न बनाना और लव अफेयर का शक करना क्रूरता

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने तलाक की एक याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा कि पत्नी का पति के साथ शारीरिक संबंध बनाने से इनकार करना क्रूरता है। ऐसा करने से पति को मानसिक पीड़ा होती है। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा कि इस शादी के सुधरने की कोई संभावना नहीं है। कोर्ट ने पति के पक्ष में फैसला सुनाते हुए महिला की याचिका खारिज कर दी, जिसमें उसने पारिवारिक न्यायालय के तलाक के आदेश को चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने कहा कि पत्नी के व्यवहार से पति को मानसिक पीड़ा पहुंची है जो तलाक का पर्याप्त आधार ⏭ शेष पेज 6 पर

### भरण-पोषण भी खारिज

देशभर में तलाक के कई ऐसे मामले सामने आ रहे हैं, जिनको लेकर तरह-तरह के तर्क दिए जाते हैं। बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने पत्नी याचिका को खारिज कर दिया है। तलाक के आदेश को बरकरार रखते हुए, अदालत ने महिला की 1 लाख रुपये मासिक भरण-पोषण की मांग को भी खारिज कर दिया है।



**हाईकोर्ट ने पति के पक्ष में सुनाया फैसला :** इस जोड़े की शादी 2013 में हुई थी, लेकिन दिसंबर 2014 में वे अलग रहने लगे। 2015 में, पुरुष ने क्रूरता के आधार पर तलाक के लिए पुणे की पारिवारिक अदालत का दरवाजा खटखटाया, जिसे मंजूर कर लिया गया था। महिला ने अपनी याचिका में कहा कि उसके ससुराल वालों ने उसे परेशान किया था, लेकिन वह अब भी अपने पति से प्यार करती है और इसलिए वह शादी खत्म नहीं करना चाहती है।

### शारीरिक संबंध के लिए इंकार करना गलत: कोर्ट

बॉम्बे हाईकोर्ट ने माना कि शादी के बाद पति का शारीरिक संबंध बनाने के लिए इनकार करना गलत नहीं है। हालांकि इसके लिए उस पर लव अफेयर का शक करना क्रूरता ही है। जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और नीला गोखले की खंडपीठ ने कहा कि महिला के आचरण को उसके पति के प्रति "क्रूरता" माना जा सकता है। महिला ने अपने पति को 1 लाख रुपये मासिक गुजारा भत्ता देने का निर्देश देने की भी मांग की थी।

# जनरल कोच में सुरक्षा होगी पहले से ज्यादा सख्त, 1052 बोगियां होंगी हाइटेक कैमरों से लैस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की ट्रेनों में अब यात्रियों की सुरक्षा पहले से ज्यादा मजबूत होने जा रही है। ट्रेनों में चोरी की घटनाएं रोकने और निगरानी बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं।

इस पहल के तहत बिलासपुर ज़ोन के 1052 कोच में कैमरों की इंस्टॉलेशन शुरू कर दी गई है। आमतौर पर यात्रियों की शिकायत रहती थी कि रेलवे केवल एसी और आरक्षित कोच पर ही ज्यादा ध्यान देता है, लेकिन इस बार रेलवे ने जनरल (अनारक्षित) कोच को प्राथमिकता दी है।

आरक्षित कोच में जहां 4 कैमरे लगाए जा रहे हैं, वहीं अनारक्षित कोच में 6 कैमरे लगाए जा रहे हैं। कैमरे कोच के मुख्य हिस्सों जैसे प्रवेश और निकास द्वारों के पास लगाए जा रहे हैं, ताकि निगरानी प्रभावी हो सके। साथ ही इंस्टॉलेशन के दौरान यात्रियों की निजता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। यह कदम रेलवे में सुरक्षा व्यवस्था को

### एआई के जरिए कैमरे करेंगे काम

रेल मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे उच्च गुणवत्ता वाले उपकरणों का चयन सुनिश्चित करें, जो स्पष्ट वीडियो फूटेज रिकॉर्ड करने में सक्षम हों और कम रोशनी की स्थिति में भी प्रभावी निगरानी प्रदान कर सकें। उन्होंने 'इंडियाएआई' मिशन के तहत कैमरों से प्राप्त डेटा के विश्लेषण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उपयोग की संभावनाओं पर भी गंभीरता से विचार करने का सुझाव दिया है। यह पहल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की उस प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसमें प्रत्येक रेलयात्रा को सुविधाजनक, सुरक्षित और तकनीकी रूप से आधुनिक बनाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

### आरक्षित कोच में जहां 4 कैमरे लगाए जा रहे हैं, वहीं अनारक्षित कोच में 6 कैमरे लगाए जा रहे

- यात्रियों की सुरक्षा होगी और मजबूत, स्लीपर और जनरल कोच में लग रहे ज्यादा सीसीटीवी कैमरे
- जोन के 1052 कोच में कैमरों की शुरुआत, निजता का रखा जाएगा पूरा ध्यान



### देशभर में 15,000 इंजनों में कैमरे

कैमरा लगाने का काम जोन में शुरू हो गया है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि कैमरा सभी गतिविधियों पर नजर रखेगा। चोरी की घटनाओं पर चोरों को पकड़ना आसान हो जाएगा, जिससे चोरी के मामलों में भी कमी आएगी। प्रधानमंत्री के 'सुरक्षित और स्मार्ट रेलवे' विजन के अनुरूप है, जिसके तहत भारतीय रेलवे का तेजी से आधुनिकीकरण किया जा रहा है। हाल ही में रेलवे बोर्ड ने देशभर में 74,000 यात्री डिब्बों और 15,000 लोकोमोटिव इंजनों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की है।

## विपक्ष बोला- विधानसभा में पेड़ों की कटाई का मुद्दा उठना था, इसलिए ईडी ने लिया एक्शन

# हसदेव-अरण्य में पेड़ कटाई का स्थगन प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन शून्यकाल में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और अन्य कांग्रेस विधायकों ने हसदेव अरण्य में पेड़ कटाई का मुद्दा जोर-शोर से उठाते हुए स्थगन पर चर्चा कराने की मांग रखी। स्पीकर डॉ. रमन सिंह के विपक्ष के स्थगन को अस्वीकार करने पर सदन में विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही कुछ देर के लिए स्थगित कर दी गई। सदन दोबारा शुरू होने पर कांग्रेस ने मुद्दे को लेकर फिर से हंगामा शुरू कर दिया। महंत ने सदन में पूछा कि क्या सरकार लोकतांत्रिक व्यवस्था से काम कर रही है या मोदी की व्यवस्था पर। कांग्रेस ने कहा, हमारे परिवार के लोगों पर ईडी की कार्रवाई कर दबाव बना रही है। उन्होंने विधानसभा की कार्यवाही का बहिष्कार कर दिया।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने हसदेव अरण्य में पेड़ कटाई का मुद्दा उठाते हुए कहा, कोयला खनन के नाम पर जंगल उजाड़ना सही नहीं है। ग्राम सभा की स्वीकृति नहीं ली गई, फिर भी खनन शुरू



कर दिया गया। कांग्रेस विधायक दल ने इसका विरोध करते हुए कहा, स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा होनी चाहिए। डॉ. महंत ने कहा कि तमनार क्षेत्र में खनन के नाम पर जंगल उजाड़े जा रहे हैं। फसलों को रौंदा जा रहा है। गारे-पालमा क्षेत्र में खनन को निरस्त किया जा रहा है। स्थानीय लोग लगातार विरोध कर रहे हैं। एनजीटी ने भी आपत्ति जताई है। कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने कहा, तमनार क्षेत्र में फर्जी तरीके से काम हो रहा है। खनन के नाम पर मनमानी और फर्जी तरीके से काम हो रहा है।

### मुझे हिरासत मे लिया था- सिदार

कांग्रेस विधायक विद्यावती सिदार ने कहा, खनन के नाम पर तमनार क्षेत्र में अन्याय हो रहा है। पेड़ों की कटाई से जंगल खत्म हो रहा है। भाजपा एक पेड़ मां के नाम पर लगाती है, लेकिन मेरे क्षेत्र में पेड़ों की कटाई निरंतर हो रही है। विरोध करने पर पुलिसबल ने बर्बरतापूर्ण तरीके से मुझे हिरासत में लिया था। कांग्रेस विधायक लालजीत सिंह राठिया ने कहा, मेरे क्षेत्र में फर्जी प्रस्ताव लाकर पेड़ों की कटाई की जा रही है। कांग्रेस सरकार में जंगल की कटाई रोकने लिए संकल्प लाया गया था। आज एक पेड़ मां के नाम पर भाजपा अभियान चला रही है और पूरे क्षेत्र में जंगल साफ किया जा रहा है।

### उद्योगपति को सीधे लाभ

कांग्रेस विधायक द्वारिका यादव ने कहा कि तमनार ब्लॉक में जंगल को उजाड़ा जा रहा है। एक उद्योगपति को लाभ पहुंचाने के लिए जंगल खत्म किया जा रहा है। अपराधों को रोकने में पुलिस नाकाम है, लेकिन जंगल कटाई हो सके, इसके लिए पुलिस बल तैनात है। कांग्रेस विधायक विक्रम उसेंडी ने कहा कि सरकार की ओर से तानाशाही रवैया अपनाया जा रहा है। विधायक अनिला भेंड़िया ने कहा कि जंगल के बहाने आदिवासियों को खत्म किया जा रहा है। मूल निवासियों को खत्म किया जा रहा है।

### एक पेड़ मां के नाम और सारा जंगल बाप के नाम- भूपेश



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, तमनार में पेसा कानून का उल्लंघन हो रहा है। विधानसभा में जो संकल्प पारित है, उसका उल्लंघन है। एनजीटी के नियमों का उल्लंघन है। वन अधिकार कानून का उल्लंघन है। तमनार में उद्योगपति की मनमानी चल रही है। स्थानीय निवासियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूरा प्रशासन उद्योगपति के साथ खड़ा हुआ है। आज स्थिति ये है कि एक पेड़ मां के नाम और सारा जंगल बाप के नाम। सरकार नाम की चीज तमनार में नहीं है। यह बहुत ही गम्भीर मामला है, इस विषय पर सभी कार्यों को रोक कर चर्चा होनी चाहिए।

### विधानसभा की कार्यवाही का बहिष्कार



नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने सदन में पूछा कि क्या सरकार लोकतांत्रिक व्यवस्था से काम कर रही है या मोदी की व्यवस्था से। डॉ. महंत ने कहा, जिस तरह से ईडी छापेमारी कर रही है, वह हम पर दबाव बनाने तथा हमें और हमारे परिवार के सदस्यों को परेशान करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, हमारे बेटे को उसके जन्मदिन पर (ईडी ने) उठा लिया है। महंत ने कहा, हम इस कदम का कड़ा विरोध करते हैं और विधानसभा की कार्यवाही का बहिष्कार करते हैं।

## एमडी-एमएस की पढ़ाई के बाद छह महीने से घर बैठे हैं डाक्टर

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

एमडी-एमएस की पढ़ाई पूरी करने वाले डेढ़ सौ से ज्यादा छात्र घर बैठ गए हैं। मार्च में परिणाम आने के बाद से लेकर अब तक अनुबंध सेवा के लिए उनकी ड्यूटी नहीं लगाई गई है। जूनियर डाक्टर एसोसिएशन अपनी समस्याओं को लेकर स्वास्थ्य सचिव से मिला और बताया कि घर बैठने की वजह से सामाजिक और आर्थिक रूप से मानसिक यातना झेल रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अंतिम वर्ष की पढ़ाई के दौरान उन्हें 75 हजार स्टाइपेंड दिया जाता है, अब अनुबंध सेवा के दौरान उन्हें 69 हजार रुपये मानदेय दिया जाएगा। शासकीय मेडिकल कालेज में यूजी की तरह पीजी की पढ़ाई करने वालों को भी दो साल अनुबंध सेवा पूरी करनी पड़ती है। स्वास्थ्य विभाग इस बार बांडेड डाक्टरों की स्वास्थ्य केंद्रों में पोस्टिंग के लिए गंभीरता नहीं दिखा रहा है।


**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल सामान्य आवास, अभिलाषा परिसर तिफरा, बिलासपुर में निर्मित एम.आई.जी.।। भवनों में से भवन क्रमांक एम.आई.जी. 11-29 आधार मूल आबंटी श्री अनिल कुमार केशरवानी पिता श्री शंकरलाल केशरवानी के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दि 07.04.2011 को पंजीकृत किया गया हैं। आबंटी अपने उक्त भवन को नाम श्री कृष्ण साहू पिता श्री मारूत साहू को विक्रय करना चाहते है। जिसके लिये विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था/बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)**



**गुमशुदा**



नाम लता साहू पति धनकुंवर साहू उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम बेलखुरी तह. पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) हुलिया -सावली कद 5 फीट बाये हाथ में गोदना अपने साथ पुत्री 1. काजल साहू उम्र 18 वर्ष रंग गोरा 2. करिना साहू उम्र 16 वर्ष रंग सावली 3. कुमकुम साहू उम्र 14 वर्ष रंग गोरा 4. कोयल साहू उम्र 12 वर्ष रंग गोरा सभी चारों बच्चियों को लेकर कहीं चली गयी है। सूचना देने वाले को उचित ईनाम दिया जायेगा।

**संपर्क धनकुंवर साहू**
**मो. 7354600721, 8770897725**


# कृषि पाठ्यक्रम में अब स्पॉट काउंसिलिंग

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

इंदिरा गांधी कृषि विवि में पहले चरण की काउंसिलिंग के बाद रिक्त गई सीटों के लिए दूसरे चरण की काउंसिलिंग 21 जुलाई से प्रारंभ होगी। दूसरे चरण में स्पॉट काउंसिलिंग के माध्यम से दाखिले दिए जाएंगे। इसमें वे ही छात्र हिस्सा ले सकेंगे, जिन्होंने प्रथम चरण की प्रक्रिया में पंजीयन कराया था, लेकिन उनका नाम सूची में नहीं आ सका। दूसरे चरण की काउंसिलिंग के बाद भी यदि सीटें रिक्त रह जाती हैं तो छात्रों को 12वीं कक्षा के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। अर्थात ऐसे छात्र भी आवेदन के लिए पात्र होंगे, जिन्होंने प्री एग्रीकल्चर टेस्ट में हिस्सा नहीं लिया है। प्रथम चरण की काउंसिलिंग के बाद केवल 154 सीटें ही बची हैं। ऐसे में विश्वविद्यालय प्रबंधन को उम्मीद है कि छात्रों को 12वीं के आधार पर दाखिले देने की स्थिति निर्मित नहीं होगी।

**दस्तावेज सत्यापित, लेकिन नहीं भरी फीस**

कृषि विवि में बीएससी एग्रीकल्चर की 2015 सीटें हैं। इनके लिए 3982 छात्रों ने पंजीयन कराया था। इनमें से 1861 छात्रों को सीटें आवंटित कर दी गई हैं। 1284 का दस्तावेज सत्यापन हो चुका है, लेकिन फीस भुगतान केवल 829 छात्रों ने ही किया है। इन छात्रों के लिए फीस फीस भुगतान की अंतिम तिथि जुलाई तय की गई है। काउंसलिंग के द्वितीय चरण में 21 जुलाई से स्पॉट काउंसलिंग शुरू होगी। 21 जुलाई को शेष रिक्त सीटों का आबंटन किया जाएगा। 22 और 23 जुलाई को दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। विवि ने छात्रों से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित समय पर दस्तावेज सत्यापन एवं शुल्क भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण करें। कृषि विवि में बीटेक कृषि अभियांत्रिकी और (कृषि अभियांत्रिकी) एवं बी.टेक. (फूड टेक्नोलॉजी) के लिए भी दाखिले प्रारंभ हैं। बीटेक कृषि अभियांत्रिकी एवं बीटेक फूड टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटों के लिए द्वितीय चरण की काउंसलिंग 28 से 30 के बीच आयोजित की जाएगी। पीईटी, जेईई मेंस या 12वीं (गणित समूह) उत्तीर्ण योग्य अभ्यर्थी 16 से 23 जुलाई के बीच विवि की वेबसाइट में जाकर दिए गए लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे।

### पहली बार परीक्षा दिलाने 2 घंटे पहले पहुंचेंगे अभ्यर्थी

**रायपुर।** व्यापम की परीक्षाओं के लिए लागू किए गए नए नियमों के उपरांत पहली परीक्षा 20 जुलाई को होगी। नए नियमों संग आयोजित हो रही इस परीक्षा के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। गुरुवार को हुई बैठक में कलेक्टर डॉ.गौरव सिंह ने परीक्षा की समुचित तैयारी सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा संचालन और अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए मूलभूत आवश्यकताओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है। अपर कलेक्टर नवीन ठाकुर को नोडल एवं रोजगार अधिकारी केदारनाथ पटेल को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।


**न्यायालय नजूल अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

राजस्व प्रकरण क्रमांक-250/अ-20(1)/2024- 2025
पक्षकार :- संजय राय पिता- स्व. समीर प्रसाद राय... आवेदक
विरूद्ध
छत्तीसगढ़ शासन... अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय राय पिता स्व. समीर प्रसाद राय निवासी राजेन्द्र नगर बिलासपुर बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा स्वतः / अधिवक्ता के माध्यम से नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला चाटापारा शीट नंबर 02 प्लाट नंबर 41/5, 41/8, 42/1 रकबा 8000, 7607, 819 वर्गफीट भूमि को स्थायी पट्टे पर आवासीय / व्यवसायिक उपयोग हेतु उसके संजय राय नाम से स्वीकृत हैं। जिसका पट्टा समाप्ति की तिथि 31/03/2024 के लिये आवेदक/ आवेदिका अगले 30 वर्षो के लिये उपरोक्त भूमि का नवीनीकरण के लिये आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदक/ आवेदिका की स्थायी पट्टे की लीज नवीनीकरण हेतु प्रस्तावित है। अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उक्त भूमि के नवीनीकरण 31.07.2025 को किये जाने में कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक स्वतः/ अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में शाम 5.30 बजे तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात तिथि/ समय में आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा एवं आवेदक/ आवेदिका की स्थायी पट्टे पर विचाराधीन भूमि के नवीनीकरण की कार्यवाही कर ली जायेगी। उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति विचारणीय नहीं होगा ।

आज दिनांक 16/07/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**



**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/ /वाचक/अति-कले/2025
बिलासपुर, दिनांक 02.07.2025

श्री संदीप कुमार आत्मज श्री जगतराम सूर्यवंशी उम्र 23 वर्ष स्थायी निवासी ग्राम पोस्ट पौंसरा थाना कोनी तहसील बेलतरा जिला बिलासपुर छ.ग. एवं कुमारी सुषमा आत्मजा श्री राजेन्द्र रात्रे उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम पोस्ट पौंसरा थाना कोनी तहसील बेलतरा जिला बिलासपुर छ.ग.

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 07.08.2025 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



संदीप कुमार



कुमारी सुषमा

**विवाह अधिकारी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**



**न्यायालय तहसीलदार सरगांव, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./Q/ अ-63/2024-25
ग्राम-नगपुरा, प.ह.नं. 17

**// दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से नोटिस //**

प्रति-1. रामकली पति श्यामचंद, निवासी नर्मदानगर बिलासपुर, तहसील बिलासपुर, जिला मुंगेली (छ.ग.) 2. भाग्यश्री गोवर्धन पति स्व. अशोक गोवर्धन, जाति महाराष्ट्रियन ब्राम्हण, निवासी चांटापारा तिलकनगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. 3. शिल्पा कोन्हेर पिता स्व. श्री अशोक गोवर्धन (पति श्री मनीष कोन्हेर), जाति महाराष्ट्रियन ब्राम्हण, निवासी शांतिनगर बिलासपुर तहसील व जिला-बिलासपुर छ.ग. 4. प्राजक्ता ठाकरे पिता स्व. श्री अशोक गोवर्धन जाति महाराष्ट्रियन ब्राम्हण, निवासी मकान नं. ए. 123 अज्ञेय नगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ...अनावेदकगण / अनावेदिकागण।

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आवे0 रेखा बाई पति नत्थूलाल निवासी अमेरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर राज्य (छ0ग0) द्वारा ग्राम नगपुरा प.ह.नं. 17 स्थित भूमि खसरा नं. 106/6 में से रकबा 2.15 ए. भूमि को आवेदिका द्वारा विधिवत दिनांक 13/07/2015 को क्रय स्वत्व व अधिपत्य प्राप्त कर लिया गया है जिसका नामांतरण क्र. 02, प्र.क्र.10 प्र. दि. 12/02/2016 वर्ष 2015-16 के अनुसार किसान किताब प्राप्त कर काबिज एवं काश्तकारी करते चली आ रही है। वर्तमान राजस्व अभिलेख में रामकली पटेल पति श्यामचंद पटेल के नाम पर त्रुटिपूर्ण दर्ज हो गया है जिसे आवेदिका अपने नाम पर अभिलेख दुरूस्त किये जाने बाबत आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 115 के तहत प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें आगामी सुनवाई दिनांक 25/07/2025 को नियत है। अतः इस न्यायालय में उक्त तिथि को प्रातः 11 बजे उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 18/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

तहसीलदार
सरगांव, जिला-मुंगेली (छ.ग.)



**न्यायालय श्रीमान प्रथम अपर जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**

**समंस/नोटिस**

चम्पा राजपूत आवेदिका विरूद्ध
आम जनता वगैरह ...अनावेदकगण

प्र.क्र. : MJCCivil/503/25
आदेश दिनांक :-18.06.2025
आगामी पेशी :- 8.08.2025
धारा:- 24 एवं 25 संरक्षक प्रतिपाल्य, अधिनियम
प्रो.-390

बनाम आम जनता जिसका इस प्रकरण से संबंध हो।

संरक्षण हेतु आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 24 एवं 25 संरक्षक प्रतिपाल्य अधिनियम का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसकी पेशी दिनांक 0808.2025 को नियत है अतः इस ईश्तहार/नोटिस के द्वारा आमजनता जिसका इस प्रकरण से संबंध हो को सूचित किया जाता है कि पेशी दिनांक 08.08.2025 को प्रातः 11:00 बजे स्वयं अथवा ऐसे किसी प्लीडर के साथ उपस्थिति होवे जिसे प्रकरण के बारे में सम्यक जानकारी रखता हो एवं आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन का जवाब दे सके उक्त दिनांक को किसी के उपस्थित नहीं होने पर प्रकरण का निराकरण विधि अनुसार किया जायेगा।

यदि किसी कारण वश उक्त दिनांक को न्यायालय में अवकाश घोषित हो या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो अगले कार्यदिवस में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। अस्तु सूचित हो।

अतः दिनांक 08/07/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय कर मुहर लगाकर जारी किया गया।

दिनांक : 08/7/25
स्थान : बिलासपुर (छ.ग.)

(शैलेष कुमार केतारप)
न्यायालय प्रथम जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)
(सेन्ट्रल प्रोसेस फीस सेक्शन के उपयोग हेतु)


## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न

**मिथुन** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।


**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

## रायपुर को चौथा स्थान ऐसे ही नहीं मिला, गंदे पानी का ट्रीटमेंट, धूल को धोने की कड़ी मेहनत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

देश के दस लाख से अधिक आबादी वाले स्वच्छ शहरों के टॉप टेन में रायपुर शहर ने अपनी धाक बनाई है। सात पायदान ऊपर चढ़कर इस बार रायपुर नगर निगम ने नेशनल रैंकिंग में चौथे स्थान पर जगह बनाई है। सम्मान पाने के लिए देश के 42 मिलेनियम प्लस सिटी के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच नगर निगम को बेहतरीन कार्य करने के लिए अपनी पिछली खामियों को सुधारने में खासी मशक्कत करनी पड़ी। आधा दर्जन बड़े काम भी जन सहभागिता के साथ निगम प्रशासन को इस दौरान करने पड़े तब जाकर यह सम्मान और राष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग हासिल हुई। डेढ़ दशक से शहरभर का कूड़ा सरोना में 450 लाख मीट्रिक टन के रूप में कचरे के ढेर में दबा पड़ा था। इससे खारुन नदी दूषित होने और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव तय था। इसके निष्पादन के लिए 13 करोड़ का ठेका देकर कचरे के वैज्ञानिक निष्पादन का काम कराया जा रहा है। स्वच्छता रैंकिंग में इस पर अंक मिले हैं। राजधानी सहित इससे लगे 17 बड़े नाले-नालियों का गंदा पानी सीधे खारुन नदी में गिरता था, पर इस गंदे पानी को उपचारित कर दोबारा उपयोग लायक बनाने नगर निगम कारा, निमोरा और चंदनीडीह में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित कर गंदे पानी को फिल्टर करने का काम कर रहा है।

## शब्द पहेली - 5932



**बाएँ से दाएँ**
1.जायकेदार,लजीज-5
4.नट का खेल-4
7.राय,वोट-2
8.दुरुह,कठिन-3
9.प्रहार,घात-2
10.अचरज भरा कार्य-4
11.शराब,मद्य-2
13.साझेदार-4
14.क्षण,लम्हा-2
16.सहयोग-3
18.अड़िग-3
19.कैद, बंधक-3,2
21.चुगली करना-2,3
24.धावक (अंग्रेजी-3)
26.अग्नि, आग-3
28.टैक्स, हाथ-2
29.एक मुगल सम्राट-4
30.टकटकी-2
32.कैंची से काटना-4
33.आत्मा-2
35.सीरा,मिष्ठान-3
36.आगमन-2
37.जोरदार-4
38.तेज दौड़ना-5

**ऊपर से नीचे**
1.बुरी आदत-2
2.झगड़ा,रार-4
3.फिल्मी दुनिया-3,2
4.लेखनी,पेन-3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6.वटवृक्ष-4
7.मन को भाने वाला-5
10.बुरा आचरण-4
12.यमराज-2
15.चुनौती-4
17.विदरण,एकता भंग-3
18.आर्द्रक-4
20.भूमि,धरती-3
22.आवेश में आना-4
23.नामकरण-2,3
25.नरक में रहना-5
26.जामफल-4
27.बेल,लतिका-2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना-4
31.जलजला-3
34.मैं का बहुवचन-2
36.रुपये का सोलहवां भाग-2

**शब्द पहेली- 5931 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | द | च | रि | त्र | ■ | ■ | ब | ह | रा | ■ |
| मा | मा | ■ | या | ■ | अ | द | द | ■ | ह | क |
| ज | ■ | ■ | स | ज | दा | ■ | न | ■ | ■ | हा |
| या | र | दा | त | ■ | ■ | श | ■ | प | नी | र |
| दी | ■ | मि | ■ | ह | म | रा | ज | ■ | र | ■ |
| ■ | रा | नी | ■ | रा | ■ | फ | ■ | बी | ज | ■ |
| ■ | ह | ■ | श | र | ब | त | ■ | ह | ■ | म |
| क | त | रा | ■ | त | ■ | ■ | अ | ड़ | च | न |
| हा | ■ | ■ | चिं | ■ | म | लि | न | ■ | ■ | आ |
| नी | र | ■ | त | न | य | ■ | ब | ■ | श | व |
| ■ | थ | का | न | ■ | ■ | म | न | मो | ह | न |

## सूडोकु नवताल - 5942

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5941 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

*दुनियाभर में आतंकवाद फैलाने वाले पाकिस्तान का चेहरा एक बार फिर से बेनकाब हो गया है। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के गिलगित-बाल्टिस्तान में जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख आतंकी मसूद अजहर देखा गया है। यह इलाका उसके गढ़ कहे जाने वाले बहावलपुर से हजार किलोमीटर की दूरी पर है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने मसूद अजहर के बहावलपुर में जैश के ठिकाने सुभान अल्लाह कैंप के मरकज को निशाना बनाया था और कई आतंकियों को मार गिराया था।*

# पीओके में ही दिखा जैश सरगना, अब भारत को सौंपे पाक

## पुलवामा, पठानकोट का मास्टरमाइंड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मसूद अजहर स्कार्दू के सादपारा रोड इलाके के आसपास देखा गया था। इस क्षेत्र में दो मस्जिदें, मदरसें और कई प्राइवेट व सरकारी गेस्ट हाउस मौजूद हैं। मालूम हो कि हाल ही में पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने दावा किया था कि मसूद अजहर अफगानिस्तान में हो सकता है। साथ ही, दावा किया था कि अगर मसूद पाकिस्तान में हुआ तो इस्लामाबाद उसे भारत को सौंपने के लिए तैयार है। हालांकि, पीओके में मसूद अजहर के दिखने से बिलावल के दावे की पोल खुल गई है और सवाल उठने लगे हैं कि अब जब मसूद पीओके में दिखाई दिया है तो क्या पाकिस्तान उसे भारत को सौंपने के लिए तैयार है?

### पूर्व विदेश मंत्री बिलावल ने किया था सौंपने का दावा

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद मसूद अजहर ने छोड़ा बहावलपुर का ठिकाना

### उसके गढ़ से हजार किमी दूर है उसका नया ठिकाना

**ऑपरेशन सिंदूर से हुआ था तगड़ा नुकसान**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में जैश ए मोहम्मद और लश्कर ए तैयबा के ठिकानों को निशाना बनाया गया था। इसमें अजहर किसी तरह बच गया था, लेकिन उसके परिवार के दस व चार अन्य करीबी लोग मारे गए थे। इससे उसे बड़ा झटका लगा था। जैश-ए-मोहम्मद ने बयान जारी करके बताया था कि भारतीय हमले में मसूद अजहर की बड़ी बहन, बहनोई, भांजे की पत्नी और भांजी मारी गई। वहीं, पांच बच्चों की भी एयर स्ट्राइक में मौत हो गई।





**बालाकोट एयर स्ट्राइक के बाद भी भागा था**

यह पहली बार नहीं है, जब अजहर को बहावलपुर से बाहर ले जाया गया है। 2019 में बालाकोट एयर स्ट्राइक के बाद उसे बहावलपुर से पेशावर के एक सुरक्षित ठिकाने में ले जाया गया था। अजहर अकेला आतंकी नहीं है, जिसे पाकिस्तान में सुरक्षित जगह मिली है। हिजबुल मुजाहिदीन का चीफ सैयद सलाहुद्दीन भी इस्लामाबाद के एक पॉश इलाके में रहता है। उसका एक ऑफिस बर्मा टाउन में भी है। वहां उसे अक्सर बंदूकधारियों के साथ देखा जाता है।

*मसूद अजहर भारत में कई आतंकवादी हमलों का मास्टरमाइंड रह चुका है। साल 2016 के पठानकोट एयरबेस हमले और 2019 में हुए पुलवामा हमले के पीछे मसूद अजहर ही था। इस हमले में 40 जवानों शहीद हो गए थे। बाद में भारत ने पीओके में एयरस्ट्राइक करते हुए कई आतंकियों को मार गिराया था। भारत सरकार की ओर से जारी की गई मोस्ट वॉन्टेड की सूची में भी मसूद अजहर का नंबर एक पर नाम है। वह प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद का मुखिया है। उसने कंधार हाईजैक की घटना में भारत की ओर से छोड़े जाने के बाद आतंकी संगठन जैश का गठन किया था।*

## लैंड फॉर जॉब : लालू को लगा बड़ा झटका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राजद के प्रमुख लालू प्रसाद यादव के खिलाफ लैंड फॉर जॉब घोटाले के मामले में निचली अदालत में चल रही सुनवाई पर रोक लगाने से इनकार कर दिया।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद पेण्ड्रा जिला गौरेला - पेण्ड्रा - मरवाही (छ.ग.)**
**E-mail- panchayat.pendra.cg@nic.in**

क्रमांक/787/न.पा.प/तक.शा./2025-26 पेण्ड्रा, दिनांक 18/07/2025

**तृतीय ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद पेण्ड्रा में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| सिस्टम टेंडर नंबर | कार्य का नाम | अनु. लागत (लाख रू. में) | धरोहर राशि | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 172315 | निकाय में विभिन्न कार्यों के संपादन हेतु उच्च कुशल, कुशल, अर्द्धकुशल एवं अकुशल श्रमिक प्रदाय कार्य। | 75.00 | 56,500/- | 30.07.2025 |

टीप:- 01. उपरोक्त निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट http:cgeprocurement.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। 02. विज्ञापन की प्रति cg.uad.gov.in में देखी जा सकती है। 03. फिजिकल दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 01.08.2025 को समय 5:00 बजे तक।

**राकेश जालान, अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद पेण्ड्रा**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद पेण्ड्रा**

**कार्यालय मुख्य अभियंता, लो.नि.वि., राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, रायपुर (छ.ग.)**

दिनांक 17/07/2025

सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | नि.आ.सू. क्र. दिनांक | सिस्टम आई.डी. क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 75/CE/NH/TC/ 44- 56/2025 (1st Call) | 2025_ MoRTH_ 869316_1 | Surface Treatment and road safety work on existing dilapidated conditioned Maniyari bridge along with 100m road section both side of bridge from Km 73.662 to Km. 74.734 in Takhatpur town on NH-130 under contingency head of _package-I on NH-130A. | Rs 64.07 Lacs |
| 2. | 76/CE/NH/TC/ 44- 57/2025 (1st Call) | 2025_ MoRTH_ 869433_1 | RCC Retaining Wall Length 85M between Km. 227.400 to 227.600 in Kondagaon City on NH-30 (Old NH-43) Dhamtari-Jagdalpur Road | Rs 76.10 Lacs |

**निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि स. क्र. 1 हेतु दिनांक 06.08.2025 शाम 17.30 बजे तक है तथा स. क्र. 2 हेतु दिनांक 25.07.2025 शाम 17.30 बजे तक है।**

2. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MORT&H's) के ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eprocure.gov.in/eprocure/app से डाऊनलोड की जा सकती है ।

**जी. 252602289/5**

**मुख्य अभियंता**
**लो.नि.वि. राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर**

**निविदा आमंत्रण तिथि: 17.07.2025**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये Log in करें http://eproc.cgstate.gov.in
02. संबंधित संभाग स.क्रं. 1 मनेन्द्रगढ़ स.क्र. 2 से 4 जशपुर एवं स.क्र. 5 सूरजपुर संभाग 'द' वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार
03. स.क्र. 1, 2 'स' वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार, स.क्र. 3 से 5
04. ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि स.क्र. 01 से 4-04.08.2025 एवं स.क्र. 5-07.08.2025

| सरल क्र. | एन.आई.टी.क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 141 | जिला एम सी बी के हाई स्कूल उमरवाह में 50 सीटर बालक छात्रावास भवन निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित। (द्वितीय आमंत्रण) | 160.93 |
| 2 | 142 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रं. 1 जशपुर के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत एवं एम ओ डब्ल्यू कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 100.00 |
| 3 | 143 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग कुनकुरी के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत एवं एम ओ डब्ल्यू कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 35.00 |
| 4 | 144 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 2 जशपुर के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत एवं एम ओ डब्ल्यू कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 28.00 |
| 5 | 145 | जिला स्थापना सूरजपुर के न्यायिक अधिकारी हेतु 01 नग एफ टाईप शासकीय आवासगृह का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | 36.93 |

**जी.-252602271/3**

**अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, अम्बिकापुर मुण्डल अम्बिकापुर**

**कृषि उपज मंडी समिति पेण्ड्रा, जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)**
**फोन नं.-07751-224336 E-Mail-mandipendra@gmail.com**

क्रमाक/मण्डी/स्था./सीधी भती/2025-26/282 पेण्ड्रा, दिनाक-17/07/2025

**सीर्धी भर्ती हेतु विज्ञापन**

कृषि उपज मण्डी समिति पेण्ड्रा, जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) के लिए डाटा एन्ट्री आपरेटर एवं भृत्य/चौकीदार के नियमित पद हेतु, अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र, सचिव कृषि उपज मण्डी समिति पेण्ड्रा, जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही (छ.ग.) के पते पर दिनांक 20-08-2025 को समय शाम 5.30 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। निर्धारित तिथि के पश्चात एवं डाक द्वारा विलंब से प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र. | पद का नाम एवं वेतनमान | भर्ती प्रक्रिया | कुल रिक्तियां | रिक्त पदों का वर्गवार विवरण | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | | अनुसूचित जाति | | अनुसूचित जनजाति | | अन्य पिछड़ा वर्ग | |
| | | | | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला |
| 1 | डाटा एन्ट्री आपरेटर वेतन लेबल (6) वेतनमान 25300-80500 | सीधी भर्ती | 01 | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | भृत्य/चौकीदार (वेतन लेबल (1) वेतनमान 15600-49400 | सीधी भर्ती | 02 | 01 | 0 | 0 | 0 | 0 | 01 | 0 | 0 |

न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता -

1. डाटा एन्ट्री आपरेटर- मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण अथवा पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविधालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण। तथा मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री आपरेटर / प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा / प्रमाण पत्र तथा कम्प्युटर में हिन्दी टायपिंग का 8000 की (Key) डिप्रेशन प्रति घण्टा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जावेगी),
2. भृत्य/चौकीदार भृत्य के पद हेतु मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से कक्षा आठवी की परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है अनुसूचि क्रमांक 3 (उपविधिं 48 क)

सीधी भर्ती/नियुक्ति से संबंधित चयन प्रक्रिया, शर्तें एवं नियम की जानकारी छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड रायपुर की वेबसाइट www.agriportal.cg.nic.in/samb में एवं कृषि उपज मण्डी समिति पेण्ड्रा कार्यालय के सूचनाफलक में देखी जा सकती हैं।

**(सृष्टि शर्मा)**
**सचिव**
**कृषि उपज मण्डी समिति पेण्ड्रा**
**जिला- गौरेला पेण्ड्रा मरवाही (छ.ग.)**

**(एस एस आर्मो)**
**भारसाधक अधिकारी**
**कृषि उपज मण्डी समिति पेण्ड्रा**
**जिला-गौरेला पेण्ड्रा मरवाही (छ.ग.)**

**संवाद-44598**

## विपक्षी एकता को झटका, आप ने 'इंडिया' से तोड़ा नाता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 में बीजेपी को बहुमत से दूर रखने वाले विपक्षी 'इंडिया गठबंधन' में दरार पड़ती दिख रही है। आम आदमी पार्टी (आप) ने पहले ही 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद इस गठबंधन से दूरी बना ली थी, और अब संसद के मॉनसून सत्र से पहले इस गठबंधन से अपने सभी संबंध पूरी तरह खत्म कर लिए हैं। आम आदमी पार्टी के इस सियासी कदम से संसद में विपक्ष की एकजुट आवाज कमजोर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। संसद का मॉनसून सत्र 21 जुलाई 2025 से शुरू होकर 21 अगस्त तक चलेगा। पहले यह सत्र 12 अगस्त तक के लिए निर्धारित था, लेकिन मोदी सरकार ने इसे एक सप्ताह बढ़ा दिया है। शनिवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर गठबंधन की बैठक बुलाई गई है।

### आरोप लगाकर नीतीश के करीबी ने छोड़ा जदयू

**पटना।** एक ओर बिहार चुनाव को लेकर सीएम नीतीश कुमार राज्यवासियों को नई-नई सौगातें दे रहे हैं। वहीं दूसरी ओर से उनकी पार्टी के पुराने सदस्य अपना इस्तीफा दे रहे हैं। जदयू के अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव धर्मेंद्र चौहान पार्टी से इस्तीफा देने के बाद पूर्व विधान परिषद सदस्य विनोद कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान परिस्थियों के अनुसार जदयू में मेरा रहना कठिन होता जा रहा है। इसलिए मैं इस्तीफा दे रहा हूं। दल अपनी घोषित नीतियों के अनुसार नहीं चल रहा है। पूर्व एमएलसी विनोद कुमार सिंह ने जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के नाम लिखे पत्र में कहा कि आपके उच्च नैतिक मूल्य एवं सर्वजन कल्याण की विचारधारा से प्रेरित होकर मैं जदयू में शामिल हुआ। लेकिन, वर्तमान राजनीतिक स्थिति में जदयू में बने रहना मेरे लिए निरंतर कठिन होता जा रहा है। यह हमारी ही नहीं, पार्टी के आम कार्यकर्ताओं की भावना है कि दल में पहले की तरह समर्पित कार्यकर्ताओं की जरूरत नहीं रह गई है। इसलिए मैं जदयू की प्राथमिक सदस्यता से त्याग पत्र दे रहा हूं।

### महिला सशक्तिकरण बेहद जरूरी : भागवत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने कि किसी भी देश की प्रगति के लिए महिलाओं का सशक्तिकरण बेहद जरूरी है और उन्हें पुरानी व पिछड़ी सोच वाली परंपराओं से मुक्त किया जाना चाहिए। वे महाराष्ट्र के सोलापुर में उद्योगवर्धिनी नाम के एक गैर-सरकारी संगठन की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। भागवत ने कहा, 'महिलाएं किसी भी समाज का सबसे अहम हिस्सा होती हैं। पुरुष जीवनभर काम करता है, महिला भी जीवनभर काम करती है, लेकिन उससे आगे जाकर वह आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देती है। बच्चों के मन और संस्कार मां के स्नेह में ही विकसित होते हैं।' उन्होंने आगे कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल समाज के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे देश के विकास के लिए अनिवार्य है। मोहन भागवत ने कहा, 'ईश्वर ने महिलाओं को एक अतिरिक्त विशेषता दी है, जिससे वे वह सब कर सकती हैं जो पुरुष नहीं कर पाते। साथ ही, उन्हें पुरुषों के जैसे सभी गुण भी दिए हैं। इसलिए वे पुरुषों के बराबर हर काम कर सकती हैं।' उन्होंने यह भी कहा कि पुरुषों को यह सोचना कि वे महिलाओं को ऊपर उठाएंगे।

**कार्यालय कलेक्टर, जिला-बस्तर, जगदलपुर**
**(आदिवासी विकास शाखा)**
**Email: actd.jdp@gmail.com Phone/Fax No. 07782-222520**

क्रमांक/2846/आ.वि./स्व.तन-स्व.मन / 2025-26/ जगदलपुर, दिनॉक 17/07/2025

-:: मानदेय पर निजी प्रेक्टिसनर चिकित्सक हेतु विज्ञापन ::-

छत्तीसगढ़ शासन, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, मंत्रालय रायपुर के आदेश क्र./एफ-15-4/2007/25-2/6464/दिनांक 16.08.2007 एवं पत्र क्रमांक /छ.आ./40/2013-14/6660/ रायपुर, दिनांक 29.08.2013 द्वारा ''स्वस्थ तन-स्वस्थ मन'' (स्वास्थ्य सुरक्षा) योजना 2007 अंतर्गत विभागीय छात्रावास / आश्रमों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु स्थानीय स्तर पर अनुबंध के आधार पर निजी प्रेक्टिशनर चिकित्सकों (एम.बी.बी.एस./बी.ए.एम.एस.) से एक अथवा एक से अधिक संस्थाओं के लिए दिनांक 18.07.2025 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। जो कि, विज्ञापन क्रमांक- 252602162 द्वारा प्रकाशित किया गया है।

अत: प्रसारण तिथि से आवेदन आमंत्रित तिथि की अवधि कम होने के कारण पूर्व निर्धारित तिथि में वृद्धि करते हुये दिनांक 28.07.2025 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। अधिक जानकारी एवं नियम तथा शर्तों के अवलोकन के लिए कार्यालयीन समय में कार्यालय कलेक्टर, आदिवासी विकास शाखा, जिला-बस्तर, जगदलपुर से संपर्क करें।

जी -252602270/4

**सहायक आयुक्त**
**आदिवासी विकास जगदलपुर**

**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, बिलासपुर**
**नागोराव शेष भवन, जूना बिलासपुर, बिलासपुर 495001, छत्तीसगढ़ Ph. No. 07752-291790**
**Website- www.gac.bilaspur.gov.in Email ID-govt.ayurvedcollegebilaspur@gmail.com**

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 1420-21 बिलासपुर, दिनांक 17/07/2025

:: छात्रावास हेतु किराये पर भवन लिये जाने हेतु विज्ञापन सूचना ::

शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय बिलासपुर (छ.ग.) में छात्रावास के संचालन हेतु बिलासपुर शहर (गाँधी चौक के आस-पास या नूतन चौक सरकण्डा के आस-पास) 75 छात्र एवं 75 छात्राओं के आवास हेतु पृथक पृथक भवन की आवश्यकता है, उपरोक्त भवनों को कलेक्टर बिलासपुर द्वारा निर्धारित दर पर लिया जाना है, भवन में समुचित शौचालय, पेय जल, विद्युत व्यवस्था कुलर पंखा बेड तथा पार्किंग हेतु पर्याप्त स्थल उपलब्ध होना आवश्यक है। इच्छुक भवन स्वामी को आवश्यक दस्तावेज के साथ दिनांक 03/08/2025 तक अपना आवेदन मुहर बंद लिफाफा के साथ कार्यालय प्राचार्य, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, नागोराव शेष भवन, जुना बिलासपुर, बिलासपुर (छ. ग.) के नाम से प्रेषित करना अनिवार्य होगा। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नही किया जावेगा।

उपरोक्त भवन किराये मे लिये जाने संबंधि नियम व शर्तों का आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि तक प्रात: 10:30 से 05:00 बजे तक प्राचार्य, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, नागोराव शेष भवन, में उपस्थित होकर अवलोकन किया जा सकता है।

किसी भी प्राप्त आवेदन को बिना कारण बताये स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार प्राचार्य, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय बिलासपुर के पास सुरक्षित होगा।

जी -252602275/2

**प्राचार्य**
**शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, खारंग जल संसाधन संभाग, बिलासपुर**
**जिला - बिलासपुर (छ.ग.)**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(द्वितीय आमंत्रण)**

निविदा सूचना क्र. 02/व.ले.लि./2025-26 दिनांक. 18.07.2025

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 04.08.2025 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है

कार्य का नाम - बिलासपुर जिले के विकासखण्ड मस्तुरी अंतर्गत ग्राम सीपत स्थित पनमरिया जलाशय का उन्नयन कार्य।

निविदा सिस्टम क्र. 172179, अनुमानित लागत रू. 267.01 लाख (निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. दिनांक 22.08.2022 के आधार पर)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 25.07.2025 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट :1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य हैं।

2. निविदाकार को इस निविदा में वर्ष 2024 में जारी किए गये Pre Bid Qulification certificate (Valid up to 30.09.2025) का उपयोग अनिवार्य है।

जी -252602290/5

कार्यपालन अभियंता
खारंग जल संसाधन संभाग
बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**
**Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार हेतु दिनांक 06.08.2025 तक निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | नि.आ.सू.क्र. / दिनांक | कार्य का नाम | लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 164 | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 3 बिलासपुर के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में विशेष मरम्मत एवं लघुमूल गौण कार्य। प्रथम आमंत्रण। संभाग क्रं. 2 बिलासपुर। मद संख्या - 67-2059-6519 | 80.00 |
| 2 | 165 | जिला न्यायालय, जांजगीर जिला जांजगीर-चांपा में महिलाओं और पुरूषों के लिए शौचालय निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण। चांपा संभाग, चांपा। मद संख्या 67-4059-2450 | 13.14 |
| 3 | 166 | उपसंभाग मरवाही के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का रंगाई, पोताई एवं डिस्टेम्परिंग का कार्य। प्रथम आमंत्रण। पेण्ड्रा संभाग, पेण्ड्रा। मद संख्या 67-2059-6220 | 20.00 |
| 4 | 167 | पेण्ड्रा संभाग के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत एवं रख-रखाव का कार्य। प्रथम आमंत्रण। पेण्ड्रा संभाग, पेण्ड्रा । मद संख्या 67-2216-4489 | 40.00 |
| 5 | 168 | पेण्ड्रा संभाग के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का विशेष मरम्मत/ एम.ओ. डब्ल्यू कार्य। प्रथम आमंत्रण। पेण्ड्रा संभाग, पेण्ड्रा । मद संख्या- 67-2216-4095 | 50.00 |
| 6 | 169 | संत बाबा गुरूघासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ में बाउण्ड्रीवाल में कंसरटिना फेन्सिंग, आरई वॉल ग्रील का कार्य। प्रथम आमंत्रण। रायगढ़ संभाग, रायगढ़। मद संख्या 8443 (जमा मद) | 192.89 |
| 7 | 170 | जिला रायगढ़ अंतर्गत पीएम श्री केवी रायगढ़ में मल्टीपरपज हॉल निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण। रायगढ़ संभाग, रायगढ़। मद संख्या 8443 (जमा मद) | 53.28 |
| 8 | 171 | जिला रायगढ़ अंतर्गत वि.ख. तमनार अंतर्गत ग्राम पंचायत बडगांव के हाई स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण। रायगढ़ संभाग, रायगढ़। मद संख्या 8443 (जमा मद) | 31.07 |
| 9 | 172 | जिला रायगढ़ अंतर्गत वि.ख. तमनार अंतर्गत ग्राम पंचायत कचकोबा के हाई स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। प्रथम आमंत्रण। रायगढ़ संभाग, रायगढ़। मद संख्या 8443 (जमा मद) | 31.07 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते है।

**जी. 252602277/4**

**अधीक्षण अभियंता**
**लो.नि.वि. बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर**

**Expressions of Interest**
**Chartered Accountant Firms for the Statutory & Internal Audit of**
**CHHATTISGARH STATE AIDS CONTROL SOCIETY, RAIPUR**

1. The State AIDS Control Societies (SACS) are responsible for implementing the National AIDS Control Programme (NACP) Phase-V in the States. The Government of India has received a Credit (Credit-4299-IN) from the funds pooled by the International Development Association and DFID, GFATM in various currencies towards the cost of Fifth National HIV/AIDS Control Project and it is intended that part of the proceeds of this credit will be applied to eligible payments under the contracts for which this invitation for Bids is issued. **CHHATTISGARH** State AIDS Control Society is a registered organization under the control of the State Government and it the nodal organization for all the HIV/AIDS prevention and control work that is taken up in the state. CHHATTISGARH State AIDS Control Society releases fund to peripheral organizations like NGOs and hospitals under the Government sector. Hence it is essential to assess as to conduct a statutory audit under the provision of the Societies Registration Act, 1860 as applicable in the State.

2. Expressions of Interest are invited from CAG empanelled Chartered Accountant firms to conduct the statutory & Internal Audit of the **CHHATTISGARH** State AIDS Control Society for a financial year.

**Eligibility & Assessment Criteria:** The EoI and capability will be assessed against evidence of skills and experience in providing accountancy services in the State.

**Requirements:** The EoI should be sent along with a Capability Statement including a profile of the organization relevant technical and geographical coverage along with the financial turnover for the last 3 financial years 2022-23, 2023-24 & 2024-25. A format for the capability statement is available on the NACO web-site http//: www.naco.gov.in/ Individual CVs are not required at this stage. Any EoI with inadequate information, those which do not meet the above criteria, or those received after the closing date will not be short listed. EoI should be as concise and focused as possible to give evidence of the above requirements including the capability statement and organization profiles. They should be sent to the **Project Director, Chhattisgarh State AIDS Control Society, 4th Floor Directorate Health Services, Sector 19, Nawa Raipur (Chhattisgarh)** to arrive no later than **05:00 PM on 07.08.2025.** Organizations, which pass the Technical process as per NACO Guideline which will be opened on **13.08.2025** only their financial proposal will be opened on **20.08.2025.** For more details about tender document & other details please visit www.cgsacs.com

**For Further Information:** For further information on NACP, interested bidders are requested to collect the **Tender Form** from the above mentioned address, for any clarification regarding this please contact the following by email id: chhattisgarhsac@gmail.com/fincgsacs@gmail.com **or Tel No.: (0771) 4066209 The contact person is: Mrs. Puja Shukla (JD-Finance).**

**S.- 44602**

**Project Director**
**Chhattisgarh State AIDS Control Society**
**Raipur**

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### शराब घोटाले में ....

भूपेश बघेल के निवास पहुंच गए और ईडी की कार्रवाई का विरोध करते हुए जमकर नारेबाजी की। इस दौरान मौके पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने सीआरपीएफ तथा राज्य पुलिस के जवानों को पूर्व मुख्यमंत्री के निवास के सामने तैनात किया गया था। छापे की कार्रवाई के बीच दोपहर 12 बजे के करीब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विधानसभा सत्र में शामिल होने भिलाई से रायपुर के लिए रवाना हुए। पूर्व मुख्यमंत्री के निवास में पांच घंटे से ज्यादा तलाशी तथा चैतन्य बघेल से पूछताछ के बाद ईडी ने चैतन्य बघेल को साढ़े 12 बजे के करीब गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ईडी के काफिले को रोक लिया और जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने पौन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद हटाया। **मेडिकल कराने जिला अस्पताल लेकर पहुंचे** - चैतन्य को गिरफ्तार करने के बाद ईडी के अफसर उन्हें ईडी कार्यालय लाने के बजाय मेडिकल कराने सीधे जिला अस्पताल लेकर गए। मेडिकल कराने के बाद पौने दो बजे के करीब कोर्ट लेकर पहुंचे। कोर्ट पहुंचने पर दस्तावेजी कार्रवाई करते ढाई बज गए। लंच टाइम होने के बाद चैतन्य की गिरफ्तारी को लेकर अभियोजन पक्ष तथा बचाव पक्ष के वकीलों ने तीन बजे के बाद कोर्ट में अपने तर्क प्रस्तुत किए। दोनों पक्षों का तर्क सुनने के बाद स्पेशल कोर्ट ने फैसला सुनाया। **साढ़े 13 करोड़ रुपए मिलने का साक्ष्य** - ईडी के वकील डॉ. सौरभ पाण्डेय ने चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी को लेकर कहा कि उनके खिलाफ पप्पू बंसल तथा अनवर ढेबर के माध्यम से साढ़े 13 करोड़ रुपए मिलने का साक्ष्य मिला है, इस वजह से चैतन्य को गिरफ्तार किया गया है। ईडी के वकील के अनुसार चैतन्य का शराब घोटाला में अनवर ढेबर तथा पप्पू बंसल के साथ संबंध रहा है।

### दबाव में कार्रवाई....

कांग्रेस ने उठाया था, इसी वजह से इस प्रकार की कार्रवाई की गई है। सरकार,शासन दोनों दबाव में है। जाहिर है,जो भी भाजपा के खिलाफ आवाज उठाएगा, उनका हश्र चैतन्य बघेल जैसा हो जाएगा यह संदेश दिया है भाजपा ने।

### कांग्रेस के कोषाध्यक्ष ....

करता था। ईओडब्लू तथा एसीबी की स्पेशल टीम ने मई में देवेंद्र, रामगोपाल अग्रवाल तथा नवनीत तिवारी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। वारंट जारी होने के बाद पिछले दिनों ईओडब्लू तथा एसीबी की टीम नवनीत तिवारी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। नवनीत के बाद फरार आरोपियों में देवेंद्र को ईओडब्लू तथा एसीबी की टीम ने गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। देवेंद्र के खिलाफ ईओडबलू तथा एसीबी ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 7, 7 ए एवं 12 तथा आईपीसी की धारा 420, 120-बी, 384, 467, 468, 471 के तहत अपराध दर्ज किया है। **सौ करोड़ रुपए वसूली करने का आरोप** - देवेंद्र डड़सेना पर अवैध कोल लेवी की वसूली का बड़ा हिस्सा लगभग सौ करोड़ रुपए प्राप्त करने का ईओडब्लू, एसीबी ने आरोप लगाया है। उक्त वसूली की रकम कांग्रेस के तत्कालीन कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल तक पहुंचाने का आरोप है। कांग्रेस नेता तक पहुंचाई गई यह रकम राजनीतिक खर्चे के लिए पहुंचाए जाने का आरोप है।

### विस सत्र स्थगित, शीत ....

के प्रति एक जनप्रतिनिधि का जो दायित्व होता है, उसकी पूर्ति करने के लिए आपका कृत संकल्पित होना इस बात का प्रमाण है कि आप जनता के प्रतिनिधि के रूप में पूरी निष्ठा के साथ कार्य कर रहे हैं। मानसून सत्र में राज्य के विकास से जुड़े प्रत्येक महत्वपूर्ण विषयों पर आप सभी ने व्यापक, विस्तृत और परिणाम मूलक चर्चा की है। इसका प्रभाव भविष्य में छत्तीसगढ़ के विकास में अवश्य परिलक्षित होगा। सीएम विष्णुदेव साय ने सत्र के सफल संचालन के लिए विस अध्यक्ष को दी बधाई।

### 13 विधेयक ....

अनुपूरक प्रश्न पूछे गये। ध्यानाकर्षण की कुल 385 सूचनाएं प्राप्त हुईं। इनमें से 153 सूचनाएं ग्राह्य हुईं और 28 सूचनाएं शून्यकाल सूचना में परिवर्तित की गईं। स्थगन की कुल 155 सूचनाएं प्राप्त हुईं। शून्यकाल की 74 सूचनाएं प्राप्त हुईं। इसमें 14 सूचनाएं ग्राह्य हुईं। इस सत्र में सदस्यों द्वारा 236 याचिकायें प्रस्तुत की गईं, जिनमें से 36 याचिकायें ग्राह्य एवं 128 याचिकायें विचाराधीन हैं। सत्र में 13 विधेयकों की सूचना प्राप्त हुई और सभी चर्चा उपरान्त पारित हुए। साथ ही अशासकीय संकल्पों की 8 सूचनायें प्राप्त हुईं, जिनमें से 1 सूचना पर सभा में चर्चा हुई।

### भारत-पाकिस्तान के ....

अफरीदी को सौंपी गई है। यह टी20 लीग 18 जुलाई से 2 अगस्त तक खेली जाएगी। गौरतलब है कि 2024 में जब ये टूर्नामेंट पहली बार खेला गया था, तो भारतीय टीम चैंपियन बनी थी। डब्ल्यूसीएल के दूसरे सीजन में युवराज सिंह, शिखर धवन, हरभजन सिंह, एबी डिविलियर्स, शाहिद अफरीदी, क्रिस गेल जैसे तमाम पूर्व क्रिकेटर्स अपना जलवा बिखेरने के लिए तैयार हैं। **इंडिया चैंपियंस:**युवराज सिंह (कप्तान), शिखर धवन, हरभजन सिंह, सुरेश रैना, इरफान पठान, यूसुफ पठान, रॉबिन उथप्पा, अंबाती रायडू, पीयूष चावला, स्टुअर्ट बिन्नी, वरुण एरॉन, विनय कुमार, अभिमन्यु मिथुन, सिद्धार्थ कौल, गुरकीरत मान। **पाकिस्तान चैंपियंस:** शरजील खान, कामरान अकमल, यूनिस खान, मिस्बाह-उल-हक, सरफराज अहमद (विकेटकीपर), शोएब मलिक, शाहिद अफरीदी (कप्तान), अब्दुल रज्जाक, वहाब रियाज, सईद अजमल, सोहेल तनवीर, सोहेल खान, आसिफ अली, शोएब मकसूद, आमिर यमीन।

### यह है शेड्यूल .....

साउथ अफ्रीका चैंपियंस बनाम इंग्लैंड चैंपियंस, रात 9 बजे। 25 जुलाई- पाकिस्तान चैंपियंस बनाम साउथ अफ्रीका चैंपियंस, रात 9 बजे। 26 जुलाई- इंडिया चैंपियंस बनाम ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस, शाम 5 बजे। 26 जुलाई- पाकिस्तान चैंपियंस बनाम वेस्टइंडीज चैंपियंस, रात 9 बजे। 27 जुलाई- साउथ अफ्रीका चैंपियंस बनाम ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस, शाम 5 बजे। 27 जुलाई- इंडिया चैंपियंस बनाम इंग्लैंड चैंपियंस, रात 9 बजे। 29 जुलाई- ऑस्ट्रेलिया चैम्पियंस बनाम पाकिस्तान चैम्पियंस, शाम 5 बजे। 29 जुलाई- इंडिया चैम्पियंस बनाम वेस्टइंडीज चैम्पियंस, रात 9 बजे। 31 जुलाई- पहला सेमीफाइनल, शाम 5 बजे। 31 जुलाई- दूसरा सेमीफाइनल, रात 9 बजे। 2 अगस्त- फाइनल, रात 9 बजे।

### अमेरिका ने टीआरएफ ..

जाने का फैसला किया था। **राष्ट्रीय हितों की रक्षा दर्शाती है यह कार्रवाई- रुबियो-** विदेश मंत्री रुबियो ने कहा, विदेश विभाग द्वारा की गई यह कार्रवाई हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा हितों की रक्षा, आतंकवाद का मुकाबला करने और पहलगाम हमले के न्याय के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आह्वान को लागू करने के प्रति ट्रंप प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इससे पहले, अमेरिका ने एक भारतीय सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल की यात्रा के दौरान आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई और द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी के लिए अपने मजबूत समर्थन की पुष्टि की थी। पहलगाम हमले में गई थी 26 पर्यटकों की जान- पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने हमला कर 26 निर्दोष पुरुष पर्यटकों की उनका धर्म पूछकर हत्या की थी। शुरुआत में इस हमले की जिम्मेदारी टीआरएफ ने ली थी।

### डिजिटल अरेस्ट के...

से विवेचना और कोर्ट में आरोपित के खिलाफ साक्ष्य प्रस्तुत करने वाले इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार यादव का दावा है कि देश में डिजिटल अरेस्ट के मामले में 14 महीने में यह पहली सजा हुई है। देवाशीष मूल रूप से आजमगढ़ के अजमतगढ़ के मसौना का रहने वाला है।**ऐसे हुई आरोपी की गिरफ्तारी-** जांच की जिम्मेदारी लखनऊ साइबर थाना को दी गई। इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार यादव के नेतृत्व में जांच हुई। छानबीन के दौरान आरोपी की पहचान देवाशीष, निवासी मसौना गांव, अजमतगढ़, आजमगढ़ के रूप में हुई। देवाशीष को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां स्पेशल सीजेएम (कस्टम) अमित कुमार की अदालत ने 14 महीनों के भीतर सुनवाई पूरी कर दोषी को 7 साल की कैद और आर्थिक दंड की सजा सुनाई। **सजा सुनाते हुए अदालत ने क्या कहा-** अपराधी को सजा सुनाते हुए अदालत ने कहा कि अभियुक्त ने खुद को सीबीआई अफसर बताकर पीड़ित को धमकाया और 85 लाख रुपये ठग लिए। इस तरह की घटना से लोगों के बीच एजेंसियों का डर पैदा होता है। अदालत ने कहा इस साइबर ठगी के लिए आरोपी ने फर्जी बैंक खाता और आधार के जरिए फर्जी सिम का इस्तेमाल किया, जो यह बताता है कि यह डिजिटल अपराध है। ऐसे अपराध के लिए सख्त-सख्त सजा जरूरी है। अभियोजन अधिकारी मषिन्द्र के अनुसार, यह देश का पहला ऐसा मामला है, जिसमें डिजिटल अरेस्ट के तहत इतनी तेजी से सजा सुनाई गई है। यह फैसला साइबर ठगी के शिकार लोगों के लिए एक मिसाल है कि न्याय प्रणाली अब डिजिटल अपराधों को लेकर भी उतनी ही सजग और सख्त हो चुकी है।

### क्या है पूरा ...

पार्सल पकड़ा गया है, जिसमें जाली पासपोर्ट, एटीएम कार्ड और 140 ग्राम एमडीएम (ड्रग) बरामद हुआ है। इसके बाद कॉल को ट्रांसफर कर एक दूसरा व्यक्ति जुड़ता है, जो खुद को सीबीआई अधिकारी बताता है। वह डॉ. गुप्ता को धमकाता है कि इस अपराध के तहत उन्हें 7 साल की जेल हो सकती है। डर के मारे डॉक्टर ने अपना बैंक खाता नंबर, पैन कार्ड, प्रॉपर्टी डिटेल्स जैसी निजी जानकारियां साझा कर दीं।

### पति से शारीरिक संबंध ...

है। कोर्ट ने कहा कि महिला का पति की दिव्यांग बहन के साथ उदासीन और उदासीन व्यवहार भी निश्चित रूप से उसे और उसके परिवार के सदस्यों को पीड़ा पहुंचाएगा। अदालत ने महिला की याचिका खारिज करते हुए कहा कि दंपत्ति के बीच विवाह टूट चुका है और इसमें सुधार की कोई संभावना नहीं है। **पति ने लगाए थे पत्नी पर ये आरोप** पति ने कई आधारों पर क्रूरता का दावा किया, जिसमें शारीरिक संबंध से इनकार करना, उस पर विवाहेतर संबंध होने का संदेह करना और उसके परिवार, दोस्तों और कर्मचारियों के सामने उसे शर्मिंदा करके मानसिक पीड़ा पहुंचाना, मेरी दिव्यांग बहन के प्रति उदासीन व्यवहार करना आदि शामिल हैं।

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425


असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें

हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घंटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।
94060-21769

